SHRI B.P.SINGHAL: There was a death-like silence, when the Supreme Court banned the strike by advocates. But, they merrily defied it. Nobody commented. I can tell you, Sir, the voices have never been raised. ...**(व्यवधान)**...

श्री प्रेमचन्द गुप्ता : आप बोल रहे हैं कि किसी ने किया। पूरे देश को कर रहे हैं ...**(व्यवधान)**...

SHRI B.P.SINGHAL: मैं अपोजिशन की बात कर रहा हूं। He is an independent one.

श्री लालू प्रसाद : महोदय, मैं व्यवस्था पर खड़ा हूं। सुप्रीम कोर्ट अयोध्या का सेंसिटिव मामला सुन रहा है। इन्होंने पिटीशन डाला है। अभी जो मोदी, तोगड़िया, विश्व हिन्दू परिषद ने भड़काऊ भाषण दिया उसके बारे में जो नोटिस इनको दिया है जिसको यह कंडम कर रहे हैं। यह है इनका भाव। इनके पक्ष में सुप्रीम कोर्ट कहे तो ठीक है लेकिन नहीं कहे तो ...**(व्यवधान)**...

SHRI B.P.SINGHAL: आपकी समझ में नहीं आ रहा है यह। ...**(व्यवधान)**...

उपसभाध्यक्ष (श्री रमा शंकर कौशिक) : वह उसमें नहीं बोल रहे हैं।

श्री प्रेमचन्द गुप्ता : वह और क्या बोल रहे हैं। सारा हाऊस सुन रहा है। ...**(व्यवधान)**...

उपसभाध्यक्ष (श्री रमा शंकर कौशिक) : आप बैठें, आसन ग्रहण करें।

श्री भारतेन्दु प्रकाश सिंहल : दोसीपुरा, वाराणसी में दो कब्रों के स्थानांतरण के लिए सुप्रीम कोर्ट का जजमेंट अक्तूबर, 1986 में हुआ, आज तक कम्पलाइंस नहीं हुआ। किसी ने नहीं कहा कि सुप्रीम कोर्ट की ऐसी अवहेलना क्यों हो रही है।

उपसभाध्यक्ष (श्री रमा शंकर कौशिक) : आप क्या कहना चाहते हैं?

श्री भारतेन्दु प्रकाश सिंहल : मैं यह कह रहा हूं Double standards of judging actions. अपने जब माफिक हो तो चुप, दूसरा कोई कहे तो चिल्लाते हैं। ...**(व्यवधान)**...मैं तो बतला रहा हूं। एस.वाई.एल. केनाल का आर्डर सुप्रीम कोर्ट ने दिया, उसका कम्पलाइंस नहीं हो रहा है। कोई नहीं बोल रहा है। ...**(व्यवधान)**... इतना ही नहीं है सर, This is not all and even more dangerous development is infecting the polity. When the Supreme Court...

उपसभाध्यक्ष (श्री रमा शंकर कौशिक) : आप कृपया इतना ध्यान रखें कि आपके दल के केवल अब कुछ ही मिनट बचे हैं। ...**(व्यवधान)**...

श्री भारतेन्द्र प्रकाश सिंहल : मान्यवर, मैं अपने समय में ही समाप्त कर लूंगा। The Supreme Court tended to a clear finding that there was no *saffronisation* of the books. That whatever was done by NCERT was proper. But, how did the Opposition-led Governments react? They said that they do not accept it. They will not accept those books. Shri Eduardo Faleiro gave an example, I suspect, terming a book as phoney, because there cannot be two editions of the same book. I am urging to send a letter, sending a copy of the book so that it can be examined that those kinds of things cannot be contained in the books. Anything is happening today. But, they

refused to respect the Supreme Court. Sitting Judge of the Supreme Court was in a Commission to examine the Stains murder case. It came to a clear finding that there was no hand of the Bajrang Dal. But, I have heard the Catholic spokesman saying in my presence that they do not accept that verdict. Meaning thereby, any verdict, which is in tune with their stand, is fine; any verdict which is against them is to be suspected. Now, the second dangerous symptom, Sir, is that Goebbleseon tactics is going on. एक असत्य बोलो, और खूब प्रोपगंडा करो, यह सत्य माना जाएगा। ...**(व्यवधान)**... झबुआ नन केस को वी.एच.पी. द्वारा किया हुआ बताया गया, स्टेन्स मरडर को बजरंग दल द्वारा किया हुआ बताया गया। इसके संबंध में 21 आर्टीकल्स निकले, छह एडोटोरियल निकले और वी.एच.पी. को एक से एक गाली दी गई। जब पता लगा कि इन दोनों मे इनका हाथ नहीं है तो किसी ने माफी नही मांगी। ...**(व्यवधान)**...

श्री लालू प्रसाद : सबमें हाथ था।...**(व्यवधान)**...

श्री भारतेन्दु प्रकाश सिंहल : आन्ध्र प्रदेश मे बम ब्लास्ट हो रहे थे, कर्णाटक में, गोवा मे, एक मस्जिद मे भी ब्लास्ट हुआ और बड़े बेहूदा किस्म के प्रोवोकेटिव पोस्टर्स पूरे भारत मे वी.एच.पी. के नाम से चिपकाए जा रहे थे। बहुत जबरदस्त गाली दी जा रही थी, यह तो भगवान की कृपा थी कि अंजुमन दीदार वाले जब पकड़े गए और उनके यहां पर वे सारे बम मिले और उनके यहां पोस्टर्स के बक्से भरे हुए मिले, तो सब भेद खुला। उसके बाद से बम ब्लास्ट होना बंद, पोस्टर चिपकाना बंद। किसी ने नही कहा कि हम यह गलत आरोप लगा रहे हैं।

उपसभाध्यक्ष (श्री रमा शंकर कौशिक) : अब आप कृपया समाप्त कीजिए।

श्री भारतेन्दु प्रकाश सिंहल : हम माफी चाहते हैं। मेरा कहना यह है कि इस पोलिटिक्स मे कुछ मॉरेलिटी लाने की आवश्यकता है, कुछ नैतिकता आये। जब तक यह नहीं आयेगी, यहां पर बैठे हुए एक सदस्य खुलेआम कहते हैं कि मैं यहां की मर्यादाओं को भंग करने के लिए आया हूं और यह सारा सदन चुप रहता है, हद है।

उपसभाध्यक्ष (श्री रमा शंकर कौशिक) : अब आप कृपया समाप्त कीजिए।

श्री भारतेन्दु प्रकाश सिंहल : उन सभी सदस्यों को जो नीचे सिर करके बैठे हुए हैं। धन्यवाद। ...**(व्यवधान)**...

उपसभाध्यक्ष (श्री रमा शंकर कौशिक) : यह शब्द निकाल दिया जायेगा। ...**(व्यवधान)**... हां, यह गलत शब्द है, यह कार्यवाही में नहीं आयेगा। ...**(व्यवधान)**... यह शब्द कार्यवाही से निकाल दिया गया है।

---

* Expunged as ordered by the Chair.

श्री लालू प्रसाद : इस शब्द को निकलवाइये। इनसे माफी मंगवाइये।

उपसभाध्यक्ष (श्री रमा शंकर कौशिक) : कार्यवाही से निकाल दिया है।

श्री लालू प्रसाद : नही, *शब्द को वापस करवाइये। इनसे माफी मंगवाइये।

उपसभाध्यक्ष (श्री रमा शंकर कौशिक) : कार्यवाही से निकाल दिया है। ...**(व्यवधान)**...

एक माननीय सदस्य : उपसभाध्यक्ष महोदय, मेरा व्यवस्था का प्रश्न है। ...**(व्यवधान)**... चेयरमैन साहब, मेरा व्यवस्था का प्रश्न है। ...**(व्यवधान)**...

श्री लालू प्रसाद : अपने सदस्यो को *दें। ...**(व्यवधान)**...

उपसभाध्यक्ष (श्री रमा शंकर कौशिक) : आप कृपया आसन ग्रहण कीजिए। ...**(व्यवधान)**... हां, हां।

श्री लालू प्रसाद : उपसभाध्यक्ष महोदय, इनसे ये शब्द वापस करवाइये। ...**(व्यवधान)**...

उपसभाध्यक्ष (श्री रमा शंकर कौशिक) : आपने जो *शब्द इस्तेमाल किया है। ...**(व्यवधान)**... माननीय सदस्यो के लिए जो *शब्द आपने यूज किया है, आप उसको वापस ले लीजिए। ...**(व्यवधान)**...

श्री भारतेन्दु प्रकाश सिंहल : सर, मैं कहूंगा शर्म की बात है। ...**(व्यवधान)**... *की जगह पर लज्जाजनक है। ...**(व्यवधान)**...

श्री लालू प्रसाद : उपसभाध्यक्ष महोदय, ये विश्व हिन्दू परिषद की बात करते हैं। जब इंग्लैंड मे वहां की सरकार ने गाय को मारा तो ये क्या कर रहे थे?

उपसभाध्यक्ष (श्री रमा शंकर कौशिक) : ठीक है। आप बैठिए।

श्री लालू प्रसाद : इंग्लैंड मे हजारो जर्सी गायों को मार दिया गया। कहां थे आपके विश्व हिन्दू परिषद वाले? ...**(व्यवधान)**...

उपसभाध्यक्ष (श्री रमा शंकर कौशिक) : अब आप बैठ जाइये। लालू प्रसाद जी आप बैठ जाइये। ...**(व्यवधान)**... माननीय राजीव शुक्ला। उपस्थित नहीं हैं। माननीय शंकर राय चौधरी?

---

*Expunged as ordered by the Chair.

मौलाना ओबैदुल्लाह खान आज़मी (मध्य प्रदेश) : सबको* कहा जा रहा है। वैसे ये भी तो इस हाउस के सदस्य हैं, उनको भी कह रहे हैं कि* ...**(व्यवधान)**... ये सबको * कह रहे हैं। ये सभी सदस्यों पर * फेर रहे हैं। सदस्य तो ये भी हैं। ये सभी को गाली दे रहे हैं। ये सभी एमपीज को गाली दे रहे हैं। ...**(व्यवधान)**...

उपसभाध्यक्ष (श्री रमा शंकर कौशिक) : उन्होने वापस ले लिया है। माननीय शंकर राय चौधरी। ...**(व्यवधान)**...

श्री लालू प्रसाद : ये माफी मांगे। ...**(व्यवधान)**...

उपसभाध्यक्ष (श्री रमा शंकर कौशिक) : इन्होंने वापस ले लिया है। शांति, शांति। ...**(व्यवधान)**... माननीय शंकर राय चौधरी। ...**(व्यवधान)**... माननीय शंकर राय चौधरी। ...**(व्यवधान)**... माननीय शंकर राय चौधरी।

श्री शंकर राय चौधरी (पश्चिमी बंगाल) : माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, महामहिम राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर आज चर्चा हो रही है। इस संबंध में सरकार ने अपने जो प्रोग्राम्स हैं, उनके बारे मे जिक्र किया है और कई चिंताओ को, कई मुद्दो को प्रकाशित किया है। मैं सिर्फ दो पैराग्राफ को जोड़कर अपनी बात कहना चाहूंगा। सबसे पहले पैराग्राफ सात में सरकार ने कहा है- National security is a matter of highest priority for my Government. यानी सरकार की सबसे ऊंची priority नेशनल सिक्योरिटी है और पैराग्राफ पंद्रह में कहा है - My Government has repeatedly made it clear that the Ayodhya dispute can be resolved.

इसी संदर्भ में मैं नेशनल सिक्योरिटी के बारे में कुछ कहना चाहूंगा। सरकार ने जो अपनी चिंता इसमें व्यक्त की है, उसके संदर्भ में मैं सरकार का ध्यान इतिहास के 1980 के दशक के पंजाब की तरफ ले जाना चाहूंगा। हम भूल गए हैं कि 80 के दशक में राजनीतिक दांवपेचों के कारण उस समय की केंद्रीय सरकार और राज्य सरकार ने वहां कुछ ऐसी शख्सियतों को खड़ा किया था जिनसे धर्म के नाम पर काफी अस्थिरता पैदा हो गई थी। जिन शख्सियतों को उन्होंने खड़ा किया था, अंत में वे शख्सियतें उन राजनीतिक दलों के काबू से बाहर हो गईं और देश को एक बहुत बड़ा झटका लगा। एक बहुत बहादुर और वफादार कौम पर कई जगहों पर कातिलाना हमले हुए और उस झटके को संभालते-संभालते हमारे मुल्क को काफी कठिनाई झेलनी पड़ी। उसके ज़ख्म शायद अभी तक पूरी तरह से भरे नहीं हैं। इसी संदर्भ में मैं सरकार का ध्यान आज के हालात की ओर ले जाना चाहूंगा क्योंकि मैं समझता हूं कि इतिहास में एक बार झटका हमें लग चुका है और आज अयोध्या और हिंदुत्व के मुद्दे पर देश में जो हालात खड़े किए जा रहे हैं, अगर ये हालात और बढ़ने दिए जाएंगे तो 80 के दशक में पंजाब में हमें जो झटका लगा था, शायद हिंदुस्तान में फिर वैसा ही झटका कहीं और लगने का अंदेशा है। इसी संदर्भ में मैंने कहा था कि पंजाब में जिन शख्सियतों को खड़ा किया गया था और जिस राजनीतिक दल ने उसको खड़ा किया था, उससे वे शख्सियतें बेकाबू हो गईं और इतना बड़ा सदमा, इतना बड़ा झटका देश को लगा। आज मैं मानता हूं कि हिंदुत्व के नाम पर वैसी ही शख्सियतें उभर रही हैं। उसमें मैं डा. प्रवीण तोगड़िया का नाम ले रहा हूं जो मेरे ख्याल से ...**(व्यवधान)**...

श्री ललितभाई मेहता (गुजरात) : उपसभाध्यक्ष जी, किसी का नाम यहां लिया जा सकता है क्या?

उपसभाध्यक्ष (श्री रमा शंकर कौशिक) : आप बैठिए, ऐसी कोई बात नही है। नाम लिया जा सकता है। इसमे कोई ऐसी बात नही है।

श्री ललितभाई मेहता : महोदय, सदन मे जो उपस्थित नही हैं, ऐसे व्यक्तियो का नाम क्या लिया जा सकता है?

SHRI SATISH PRADHAN (Maharashtra) : Sir, the name of a person who is not present and cannot defend himself, cannot be taken in the House. His name should be deleted. These are the Rules of Procedure and Conduct of the Business in the House.

उपसभाध्यक्ष (श्री रमा शंकर कौशिक) : जो एक बड़ा संगठन इस समय अपने को कह रहा है, उस संगठन के वे पदाधिकारी हैं। नाम लिया जा सकता है। आप आसन ग्रहण करे। ...**(व्यवधान)**...

श्री भारतेन्दु प्रकाश सिंहल : अगर नाम न लेने की मर्यादा यहां समाप्त करने वाले हैं और किसी का भी नाम लिया जा सकता है तो हम भी नाम लिया करेंगे।

एक माननीय सदस्य : करो, करो, कौन रोकता है?

उपसभाध्यक्ष (श्री रमा शंकर कौशिक) : अब आप बैठिए।

श्री शंकर राय चौधरी : अब ओसामा बिन लादेन का नाम भी नही लेगे क्या?

उपसभाध्यक्ष (श्री रमा शंकर कौशिक) : मैंने व्यवस्था दे दी कि तोगड़िया साहब अपने को एक बहुत बड़ा कहने वाले संगठन के पदाधिकारी हैं। उनका नाम लिया जा सकता है।

श्री लालू प्रसाद : साहब कहां है? तोगड़िया तो दंगाई है, बलवाई है। तोगड़िया का नाम तो बच्चा-बच्चा लेता है।

श्री भारतेन्दु प्रकाश सिंहल : लालू से बड़ा बलवाई कहां मिलेगा?

उपसभाध्यक्ष (श्री रमा शंकर कौशिक) : आप क्या बात कह रहे हैं यह?

श्री लालू प्रसाद : पोटा मे बंद करवा देंगे।

उपसभाध्यक्ष (श्री रमा शंकर कौशिक) : आप जारी रखिए। ...**(व्यवधान)**...

मौलाना ओबैदुल्ला खान आज़मी : लालू दंगाई को जेल में डालने वाला, इतिहास बनाने वाला पुरुष है। ...**(व्यवधान)**...

उपसभाध्यक्ष (श्री रमा शंकर कौशिक) : अरे आप बैठिए। ...**(व्यवधान)**... अब आप आसन ग्रहण करें और इनको बोलने दीजिए। ...**(व्यवधान)**...

श्री लालू प्रसाद: जेल हमारा गुरुद्वारा है। ...**(व्यवधान)**... पोटा में एक-एक को रस्सी से बांधकर भेजेंगे। तिहाड़ जेल में इनको चने भी नहीं मिलेंगे। ...**(व्यवधान)**...

श्रीमती सरोज दुबे : अगर इनकी सरकार रहेगी तो ...**(व्यवधान)**...

उपसभाध्यक्ष (श्री रमा शंकर कौशिक) : आप इनको बोलने दीजिए। सरोज दुबे जी शांत रहिए। ...**(व्यवधान)**...

श्री शंकर राय चौधरी : तो मैं डॉ. प्रवीण तोगड़िया का नाम ले रहा हूं। मैं उनको हिटलर और हिन्दुत्व का खिताब दे रहा हूं। मुझे यह डर है कि अगर इन पर काबू नहीं पाया गया तो हमने 1980 में पंजाब में जो झटका खाया था, वह झटका और लगने वाला है। इसलिए मैं सरकार से यह दरियाफ्त करूंगा कि इस शख्सियत और इनसे जुड़ी हुई जो शख्सियत हैं, उन पर काबू पाया जाए। ...**(व्यवधान)**... सुनिए। पोटा एक बहुत अच्छा कानून है। उसके बनाने के वक्त यह बताया गया था कि यह खास मौकों पर लगाया जाएगा। यह कई जगह लगाया गया है या नहीं लगाया गया है। हम यहां इस बहस में नहीं पड़ रहे हैं कि यह सही लगाया गया है या गलत लगाया गया है। लेकिन यह एक केस है जहां पोटा लगाया जाना चाहिए। मैं सिर्फ केन्द्र सरकार की तरफ अंगुली नहीं उठा रहा हूं। क्योंकि यह शख्सियत पोटा लगाने वाली सिर्फ केन्द्र सरकार नहीं है, राज्य सरकार भी है। अगर वह चाहे तो पोटा लगा सकती है। मैं दोनों से पूछता हूं कि अगर यह आदमी खतरनाक साबित हुआ है, अगर किसी वजह से केन्द्र सरकार ने इस पर पोटा नहीं लगाया तो क्यों नहीं लगाया, मैं इस पर भी बहस नहीं करूंगा। राज्य सरकारों पर क्या रुकावट थी जब उन्होंने उनके राज्य में जाकर भाषण दिए और उन्होंने पोटा नहीं लगाया। अगर वाकई यह लगाना था सिर्फ केन्द्र सरकार ही नहीं, राज्य सरकार भी लगा सकती थी। ये कई स्टेट्स में गए। ...**(व्यवधान)**...

उपसभाध्यक्ष (श्री रमा शंकर कौशिक) : आप बैठ जाइए। ...**(व्यवधान)**... शांत रहिए। ...**(व्यवधान)**...

श्री शंकर राय चौधरी : दूसरी बात है कि त्रिशूल आवंटन हो रहा है। त्रिशूल शंकर भगवान का प्रतीक है और शंकर भगवान की हम पूजा करते हैं। लेकिन हम कानूनी बाल की खाल उतार रहे हैं कि वह चार इंच लम्बा है, पांच इंच लम्बा है, कानूनी है, गैर कानूनी है। बाल की खाल उतारने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि इसके बांटने से देश में साम्प्रदायिकता का भाव उभर रहा है। इस पर भी काबू पाना चाहिए। मैं सिर्फ केन्द्र सरकार को ही नहीं, राज्य सरकारों को भी यह बता देना चाहता हूं कि अगर वे इस पर पाबंदी लगाना चाहती हैं तो राज्य सरकारें भी क्यों नहीं लगाती? क्या देश की अखंडता, रक्षा की जिम्मेदारी सिर्फ केन्द्र सरकार की है?

राज्य सरकारो का इसमें कोई हाथ नही है? मुझे इसका जवाब चाहिए। तीसरी बात है गुजरात और गोधरा की। ठीक है वहां ऐसा हुआ है, मैं इसको भी यहां नही उठाना चाहता हूं। मैं सिर्फ नेशनल सिक्योरिटी के तौर से एक बात कह रहा हूं कि जब पंजाब मे हमे झटका लगा था तब पाकिस्तान ने पूरा फायदा उठाया था, और उस हालात पर काबू पाने के लिए, हमे जानमाल का काफी नुकसान उठाना पड़ा। गुजरात मे जब ये हालात हुए तब एक ऐसा मोर्चा खोला गया, जिस पर काबू पाने के लिए डिप्लॉयड सेनाओ से हमे कुछ सेनाएं वापस बुलानी पड़ी क्योकि उस पर दुरुस्त तरीके से काबू नही पाया गया। चाहे वह गलती केंद्र सरकार की हो, चाहे स्टेट गवर्नमेंट की हो। मैं यह कहता हूं कि वही गुजरात गवर्नमेंट, वही पुलिस, वही सरकार थी लेकिन जब केंद्र ने उन पर उंगली उठाई, दबाव डाला तो अक्षरधाम की घटना के बाद फिर किसी किस्म का रिएक्शन नही हुआ। उन्होने बहुत दुरुस्त तरीके से रिएक्ट किया। मेरे कहने का मतलब यह है कि जब हम सिक्योरिटी की बात करते हैं और जब महामहिम राष्ट्रपति जी के भाषण पर चर्चा कर रहे है तब देश की नेशनल सिक्योरिटी, इसकी इंटेगरिटी की जिम्मेदारी सिर्फ केंद्र सरकार की नही है, हम लोगो पर भी है। सब लोग मिलकर इस पर काम करे।

तीसरी बात यह है कि इसमे राष्ट्रपति जी ने पैराग्राफ नम्बर तेरह पर इस बात का जिक्र किया है कि इल्लिगल माइग्रेशन बंगलादेश से हो रहा है। इसमे कोई शक नही है कि इल्लिगल माइग्रेशन रोकने की जिम्मेदारी केंद्र सरकार की है। बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स बॉर्डर मैन्ड करती है, इसमे भी कोई शक नही है। लेकिन हमारे पूर्वांचल के जितने भी सूबे हैं, राज्य और प्रदेश हैं, वहां से बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स उठाकर पश्चिम मे ले आते हैं। मैं मानता हूं कि यहां जरूरत है लेकिन उस बॉर्डर को नंगा करके छोड़ने का क्या मतलब है? उसके बाद हम कहते हैं कि इल्लिगल माइग्रेशन होता है ! हो ! होना तो है ही। बिल्कुल होना है। पश्चिम मे एक बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स सिर्फ बीस से पच्चीस किलोमीटर तक का बॉर्डर संभालने के काबिल है। हमारे पूर्वांचल के राज्यो को, चाहे पश्चिम बंगाल हो, असम, त्रिपुरा या कोई भी हो, पचास से अस्सी, नब्बे तक का बॉर्डर एक बटालियन संभाल रही है। बिल्कुल खुला पड़ा है। दरवाजे बिल्कुल खुले पड़े हैं। जिसको आना है वह आए-जाए। उसके बाद हम इल्लिगल माइग्रेशन की बात करें ! लेकिन यहां भी गलती सिर्फ केंद्र सरकार की नहीं है। केंद्र सरकार की जिम्मेदारी इल्लिगल माइग्रेशन रोकना है, ठीक बात है, लेकिन एक लीगल माइग्रेशन होने के बाद उन सूबो मे, उन प्रदेशो में, उन राज्यों में जो ये लोग बस गए हैं इसकी जिम्मेदारी केंद्र सरकार की नही है। इसकी जिम्मेदारी उन राज्यों की है जिन्होने उन्हे यहां बसाया है। यह आज की बात नही है। यह बात तकरीबन बीस, तीस, चालीस साल से चल रही है। अगर हम वाकई नेशनल सिक्योरिटी पर जोर देना चाहते हैं तो आइए दोनो तरफ मिलकर काम करें। यह एक आदमी की जिम्मेदारी नही है। एक पक्ष की जिम्मेदारी नही है।

त्रिपुरा मे अभी इलेक्शन हो रहे हैं। अच्छी बात है, इलेक्शन होने चाहिए। लेकिन यहां भी राजनीतिक दांवपेंचों में कुछ पोलिटिकल पार्टीज ने कुछ ऐसे मिलाप किया है, इलेक्शन के लिए उन्होने ऐसे जोड़ बनाया है, जिसमें एक पार्टी, वहां जो हमारे सेपेरेटिस्ट एलिमेंट है - नेशनल लिब्रेशन फ्रंट ऑफ त्रिपुरा, उनके साथ मिले हुए हैं ...**(व्यवधान)**...

श्री भारतेन्दु प्रकाश सिंहल : नाम बोलिए, नाम क्यो नही बोलते हैं ...**(व्यवधान)**...

उपसभाध्यक्ष (श्री रमा शंकर कौशिक) : उन्हे जो बोलना है, बोलेंगे ...**(व्यवधान)**...

श्री शंकर राय चौधरी : मैंने किसी पोलिटिकल पार्टी का नाम नहीं लिया है (व्यवधान)..न ही मैं लूंगा ...**(व्यवधान)**...

प्रो. राम देव भंडारी (बिहार) : यह पुलिस थाना नही है ...**(व्यवधान)**...

उपसभाध्यक्ष (श्री रमा शंकर कौशिक) : आपके कहने से नही बोलेगे .(व्यवधान)..आप कृपया आसन ग्रहण करे ...**(व्यवधान)**...

श्री शंकर राय चौधरी : इसके नतीजे बुरे निकलेगे। यह हमने कई स्टेट्स में अनुभव किया है। मैं सरकार की सराहना करता हूं कि नॉर्थ-ईस्ट में पीस प्रोसेस पर उन्होंने काफी बढ़ावा दिया है। अच्छा बढ़ाया दिया जा रहा है। लेकिन यह मेरा खुद का मानना है और नॉर्थ-ईस्ट पीस प्रोसेस से मैं यह उम्मीद भी रखता हूं कि कश्मीर में जो गलती की है, वैसी न करे। नॉर्थ-ईस्ट में जितनी पार्टीज हैं उनके साथ मिलकर, असम, त्रिपुरा या जो-जो कंसर्न्ड हैं उन सबको लेकर चले। अभी देखा जा रहा है कि वे सिर्फ एन.एस.सी.एन.(आई.एम.) के साथ बात कर रहे हैं। वहां की जो दूसरी नागा पार्टीज हैं उनके साथ बात नही हो रही है। सबके साथ मिलकर, मेलमिलाप से बात करे।

माननीय उपसभाध्यक्ष जी, इतना कहकर मैं महामहिम राष्ट्रपति जी के भाषण पर अपने कमेन्ट्स समाप्त करता हूं। आपको धन्यवाद देता हूं और उम्मीद रखता हूं कि हमारी सैंट्रल गवर्नमेंट और स्टेट गवर्नमेंट अपनी-अपनी जगह, अपना-अपना काम करें। धन्यवाद।

उपसभाध्यक्ष (श्री रमा शंकर कौशिक) : माननीय बी.जे.पाण्डा। इस समय नहीं हैं। श्री नानाजी देशमुख।

श्री नाना देशमुख (नाम-निर्देशित) : उपसभाध्यक्ष महोदय, महामहिम राष्ट्रपति जी ने अपने अभिभाषण मे 2020 तक भारत को विकसित देश के रूप में देखने का जो हेतु प्रकट किया है उसके लिए मैं राष्ट्रपति का बहुत आभारी हूं। किन्तु दुख के साथ मुझे एक बात कहनी पड़ रही है कि राष्ट्रपति जी के ध्यान से एक बड़ी महत्वपूर्ण बात ओझल हो गई है। आपको और हमको पता है कि इस सरकार ने सदन के सभी सदस्यों की सद्भावना का लाभ उठा कर 6 साल से 14 साल तक के सभी बच्चों के लिए निःशुल्क शिक्षा प्रदान करने का, मौलिक अधिकार देने का प्रस्ताव पास कराया और सब ने बड़ी खुशी के साथ इस प्रस्ताव का सर्वसम्मति से अनुमोदन किया, किन्तु इसको कार्यान्वित करने की दृष्टि से यह सरकार तब से अब तक कुछ कर रही है, ऐसा दिखाई नही देता। अभी 5 फरवरी, 2003 के "हिन्दुस्तान टाइम्स" मे एक सर्वे छपा है। उस सर्वे मे कहा गया है कि देश के 40 प्रतिशत बालक और 50 प्रतिशत से अधिक बालिकाएं प्राथमिक विद्यालयों में अपना नाम तक नहीं लिखा पा रही हैं। इसका अर्थ यह है कि मौलिक अधिकार तो प्रदान किया है, किन्तु उसे कार्यान्वित करने की ओर सरकार आज तक कोई, किसी

प्रकार का कदम नही उठा रही है। राष्ट्रपति महोदय ने इस ओर सरकार को कोई निर्देश दिया है ऐसा उनके भाषण मे मुझे नही मिला। अपने देश मे जो विश्वविद्यालय अनुदान आयोग है उसकी रिपोर्ट कहती है कि देश मे 298 मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय चल रहे हैं और उनके अंतर्गत 10,600 डिग्री कॉलेजज़ काम रहे हैं। इन 10,600 डिग्री कॉलेजज़ में 1,99,507 प्राध्यापको की संख्या है। इन डिग्री कॉलेजज़ मे पढ रहे युवक-युवतियों की संख्या 75 लाख से अधिक है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अरबों रुपया इनके ऊपर खर्च कर रहा है। किन्तु यह विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, जो कि खूब पैसा दे रहा है, तनख्वाह दे रहा है, क्या वह इनको यह नहीं कह सकता या प्रेरित नही कर सकता कि छुट्टियों के काल में, लगभग दो लाख प्राध्यापक और 75 लाख युवक-युवतियां अपने-अपने क्षेत्र में जा कर, इन बच्चों को, जो कि 6 साल से 14 साल तक की आयु के हैं। इन्हे पढ़ाने की दृष्टि से प्रेरणा का काम करे। यदि ये सब जुट जाएं छुट्टियो मे, तो वर्ष 2020 मे जो भारत को हम विकसित राष्ट्र के रूप मे देखना चाहते हैं उसमे एक बहुत बड़ा योगदान इनका होगा। आज प्रतिभा पलायन हो रहा है, किन्तु यदि विश्वविद्यालयो मे पढने वाले ये युवक युवतियां तथा प्राध्यापक गांवो मे जाकर इन अभागे बच्चो को, जो 6 वर्ष से 14 वर्ष के अंतर्गत हैं, को पढ़ाने का काम करेगे तो देश की परिस्थिति उन्हें देखने को मिलेगी और परिस्थिति देखकर कुछ करने की प्रेरणा उन्हे प्राप्त होगी। इससे राष्ट्रपति जी ने जो अपनी इच्छा और अपने देश की सरकार का जो विश्वास प्रकट किया है, वह साकार होगा। किन्तु, केवल कानून बनाकर पास करवा देना या केवल मौलिक अधिकारो का पालन करवा देना या किसी भी प्रकार के सरकार द्वारा कदम आगे उठा देना, इससे तो वर्ष 2020 तक इस देश को विकसित राष्ट्र के रूप में देखने का सपना केवल सपना मात्र रह जाएगा।

उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं आपसे प्रार्थना करता हूँ कि राष्ट्रपति महोदय के ध्यान मे हमारी यह भावना पहुंचे और वे अपनी सरकार को इस प्रकार के आदेश दें कि मौलिक अधिकार तो प्रदान किए जाते हैं, लेकिन उसको कार्यान्वित करने की दृष्टि से कुछ भी न करना यह उचित नही है। बड़ी बड़ी घोषणाएं हुई, लेकिन आज तक भारत में स्थिति क्या बनी? एक तिहाई से अधिक लोग गरीबी की रेखा के नीचे किसी ढंग से अपनी जिंदगी बिता रहे हैं और देश मे बढ रही सतत बेकारी काबू मे नही आ रही है। इसका कारण है कि जो हम निर्णय करते हैं, निश्चय करते हैं, उसके अनुसार कार्यान्वयन करने की तरफ कोई ध्यान नही देते, केवल प्रस्ताव पारित करते हैं, बड़े बड़े भाषण देते हैं, कार्यक्षेत्र मे कार्य करने की ओर किसी को रुचि दिखाई नही देती।

उपसभाध्यक्ष महोदय, मेरी आपसे प्रार्थना है कि सदन की इस भावना को आप कृपा कर महामहिम राष्ट्रपति महोदय तक पहुंचाने की कृपा करें। धन्यवाद।

उपसभाध्यक्ष (श्री रमा शंकर कौशिक) : श्री शाहिद सिद्दिकी।

श्री शाहिद सिद्दिकी (उत्तर प्रदेश) : महोदय।

उपसभाध्यक्ष (श्री रमा शंकर कौशिक) : आप अपनी सीट से नही बोल रहे।

श्री शाहिद सिद्दिकी : सर, आपकी इजाजत लेना चाहूंगा।

उपसभाध्यक्ष (श्री रमा शंकर कौशिक) : ठीक है, लेकिन मैं आपको बता दूं कि आपके दल के केवल दो मिनट शेष हैं। चूंकि आपकी मेडेन स्पीच है इसलिए आपको मैं थोड़ा ज्यादा समय दूंगा, लेकिन आप भी जरा ध्यान रखिएगा और जल्दी अपनी बात खतम कीजिएगा।

श्री शाहिद सिद्दिकी : धन्यवाद, महोदय। राष्ट्रपति जी ने अपने अभिभाषण में वर्ष 2020 में एक ऐसा भारत बनाने की बात कही है, जहां लोगों को इंसाफ मिलेगा। आज से 80 साल पहले इस देश के एक बूढ़े ने, जिसका नाम महात्मा गांधी था, ऐसा ही एक सपना देखा था, रामराज बनाने का सपना। आज हम उस रामराज बनाने के सपने को कहां तक पहुंचा पाए हैं? उस रामराज में क्या था? उस रामराज में महात्मा गांधी क्या चाहते थे? वह ऐसा राज चाहते थे, जहां शेर और बकरी एक घाट पर पानी पिएं, जहां हिन्दू और मुसलमान को इंसाफ मिले, जहां कानून में फर्क न हो, जहां लोगों के बीच कोई भेदभाव न हो। ऐसे रामराज की बात उन्होंने की थी। मैं अपने साथियों से और इस माननीय सदन के जरिए देशवासियों को कहना चाहता हूँ, खासतौर से विश्व हिन्दू परिषद के लोगों से, भारतीय जनता पार्टी के लोगों से, कि आप रामराज बनाने की बात कीजिए, यह रामराज, जिसको मौलाना आजाद का भी समर्थन था, जिसको मौलाना शौकत अली और मौलाना मोहम्मद अली की हिमायत हासिल थी। आप रामराज बनाने की बात कीजिए, राम-मंदिर बनाने की बात मत कीजिए। रामराज होगा तो हर हिंदुस्तानी के दिल में एक राम-मंदिर होगा, हर हिंदुस्तानी के दिल में मर्यादा पुरूषोतम राम होंगे। मैं कहना चाहता हूं कि आज जो सबसे बड़ी दिक्कत है, वह यह है कि इस देश के अंदर इंसाफ नहीं है। चाहे वह गुजरात हो, चाहे पोटा का दुरुपयोग हो, चाहे उत्तर प्रदेश में जुल्म की आंधी हो, इस मुल्क में इंसाफ नहीं मिल रहा है। गुजरात में हम दो मापदंड इस्तेमाल कर रहे हैं। गोधरा में जो हुआ, वह शर्मनाक था, उसकी किसी ने हिमायत नहीं की, कोई यह कहने की हिम्मत नहीं कर सकता कि हम इस देश के अंदर दोबारा गोधरा करेंगे। गोधरा का ऐक्सपेरिमेंट करने की जो बात करेगा, हम उसके हाथ तोड़ देंगे। लेकिन इस देश के अंदर एक बार नहीं, बार-बार यह कहा जाता है कि दोबारा गुजरात होगा, बार-बार गुजरात होगा, हर राज्य में गुजरात होगा। आप यह कहकर किसको डरा रहे हैं? गोधरा के लिए आप पोटा लगाते हैं, 151 लोगों पर पोटा लगाकर आप उन्हें बंद कर देते हैं। ठीक करते हैं आप। लेकिन क्या होगा उन हजारों लोगों का, जो तीन हजार से ज्यादा लोग मारे गए, उनका क्या होगा? औरतों के पेट काटकर उनके बच्चों को निकालकर मारा गया, लेकिन उनके लिए कोई गिरफ्तारी नहीं है ! आप क्या कर रहे हैं, किस चीज के बीज बो रहे हैं? मैं पूछना चाहता हूं कि इस देश में आतंकवाद के बीज बोए जा रहे हैं या नहीं? जिस देश में कानून के दो मापदंड होंगे, वहां पर आप आतंकवाद से नहीं लड़ सकते और अगर कोई यह समझता है कि पोटा को बनाकर आतंकवाद से लड़ा जा सकता है, पोटा की तलवार से आतंकवाद को रोका जा सकता है, तो मुझे कहने दीजिए बहुत ऐहतराम के साथ कि दुनिया में कभी इस तरह के कानूनों से कोई आतंकवाद नहीं रुका है। पोटा की कोख से आतंकवाद जन्मेगा। यह हमने टाडा के साथ भी देखा है और आज पोटा के साथ भी देख रहे हैं। पोटा के बारे में इस सदन में जो कहा गया था कि इसका दुरुपयोग होगा, वह दुरुपयोग आज हो रहा है। मैं कहना चाहता हूं, मैं दरख्वास्त करता हूं कि मैं इस हक में नहीं हूं कि किसी प्रवीन तोगड़िया पर पोटा लगे, किसी के ऊपर पोटा नहीं लगना चाहिए, पोटा वापिस लिया जाना चाहिए। पोटा हमारी गलती थी और हमें मानना चाहिए कि हमने गलती की थी, जिस तरह टाडा के द्वारा हमने गलती की थी। पोटा के द्वारा हम इस देश को एक नहीं रख सकते, बचाकर नहीं चल सकते। मैं तो यह कहना चाहूंगा, उपसभाध्यक्ष जी, कि :-

निसार मैं तेरी गलियो के, ऐ वतन के जहां
चली है रस्म के कोई न सर उठा के चले,
जो कोई चाहने वाला, तवाफ़ को निकले
नजर चुरा के चले, जिस्मो जां बचा के चले
बने हैं ऐहले हवस, मुद्दई भी मुंसिफ भी
किसे वकील करें, किससे मुंसिफी चाहें

और यह याद रखिए कि :-

अगर आज औज पर है तला-ए-रकीब तो क्या
ये चार दिन की खुदाई तो कोई बात नही

इस चार दिन की खुदाई से अगर आप समझते हैं कि आपकी बहुत देर चलने वाली है, तो नहीं चलने वाली। पोटा को आप वापिस ले लीजिए। पोटा हिन्दुस्तान के हित में नहीं है, पोटा राजनीति के हित में नहीं है, पोटा समाज के हित में नही है। उत्तर प्रदेश के अंदर, सर, आज जो जुल्म है, अंग्रेज के राज में भी कभी इस तरह के जुल्म नहीं हुए होंगे, जैसे जुल्म आज उत्तर प्रदेश मे हो रहे हैं। एक इमरजेंसी लगी हुई है, आतंक है, वहां पर माया का आतंक है, वहां पर पोटा का आतंक है। किसी पार्टी के, कांग्रेस के दफ्तर में घुसकर कभी अंग्रेज के द्वारा गोली नहीं चलाई गई, कभी वहां आंसू गैस के गोले नही मारे गए। लेकिन आज उत्तर प्रदेश के अंदर हालत यह है कि आप सब का गला घोट रहे हैं। आप 80 साल के लोगों को पकड़कर बंद कर रहे हैं। कानून का और पोटा का आप मज़ाक उड़ा रहे हैं। आप कहते हैं कि अगर तुम मेरे साथ हो तो तुम बहुत अच्छे हो, तुम्हें सौ खून माफ़ हैं, तुम कितने भी बड़े कातिल हो, तुम्हें हम मंत्री बना देंगे लेकिन अगर तुम मेरे साथ नहीं हो तो तुम कितने भी बेगुनाह हो, तुम्हें पोटा में बंद कर दिया जाएगा। यह अगर हम लेकर चलेंगे तो हम जंगल का राज पैदा करने वाले हैं और आज उत्तर प्रदेश में जंगल का राज है। इसके लिए हमे इस स्थिति से निकलना होगा और खास तौर से उत्तर प्रदेश में हमें देखना होगा कि इसका खात्मा कैसे हो और किस तरह से वहां जम्हूरियत का जो गला घोटा जा रहा, उसे घोंटना बंद किया जाए।

इस अभिभाषण मे कहा गया है कि पिछले तीस बरस में 550 करोड़ रुपए पुलिस के माडर्नाइजेशन के लिए दिए गए थे और अब हजार करोड़ रुपए साल के दिए जाएंगे, बहुत अच्छी बात है। लेकिन आप अदालतों के माडर्नाइजेशन के लिए क्या कर रहे हैं? मैंने इंसाफ की जब बात कही थी तो कहा था कि जिस समाज में इंसाफ नहीं है, वह सभ्य समाज नहीं है, वहां पर हक का समाज नहीं है और आप पुलिस के द्वारा इंसाफ नहीं ला सकते। पुलिस को आप माडर्नाइज़ कर लीजिए, कोर्ट्स को आप मोडर्नाइज़ नहीं कर रहे हैं। मेरे जो साथी अदालतों में जाते हैं वे जानते हैं कि कूड़ेदानों से बदतर हालत वहां आपने बना रखी है। आप तीस हजारी में चले जाइए, वहां जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हुए हैं और इससे जाहिर होता है कि हम अदालतों को क्या हैसियत देते हैं और अदालतों के बारे में हमारी क्या राय है। इस तरह से काम नहीं चलेगा, हमे पुलिस के साथ-साथ अदालतों को भी माडर्न करना होगा ताकि लोगों को इंसाफ मिल सके।

हम शिक्षा की बात करते हैं। शिक्षा के बगैर न्याय नही हो सकता। शिक्षा चाहिए। शिक्षा के लिए कहा गया है कि जो एडल्ट एजुकेशन का कार्यक्रम है, सर्व-शिक्षा कार्यक्रम है, उसके लिए 5,500 करोड़ रुपए रखे गए हैं। मैं इसको वैलकम करता हूं लेकिन मैं आपसे पूछता हूं कि शिक्षा के इस अभियान में क्या आपने उर्दू को भी कोई जगह दी है? क्या उर्दू इस मुल्क की 14 जुबानों में नहीं है? क्या यह सेंसस के मुताबिक हिंदुस्तान मे दूसरे नंबर की जुबान नहीं है? क्या यह पूरे हिंदुस्तान को जोड़ने वाली जुबान नहीं है जो तमिलनाडु से लेकर कश्मीर तक बोली जाती है? आप एडल्ट एजुकेशन में उर्दू नहीं पढ़ा रहे हैं। सर्व-शिक्षा अभियान मे आपने उर्दू के लिए अलग से कोई हिस्सा नहीं रखा है। ऐसा क्यों है? उसके बाद आप कहते हो कि तुम मदरसे में जाते हो। मैं नहीं चाहता और मेरे लोग भी नहीं चाहते कि हम अपने बच्चों को मदरसे मे भेजें। वे भी चाहते हैं कि उनका बेटा डॉक्टर बने, वे भी चाहते हैं कि उनका बेटा इंजीनियर बने, वे भी चाहते हैं कि उनके बच्चे मॉडर्न ऐज मे कंप्यूटर साईंस पढ़ें लेकिन वे मजबूर हैं क्योंकि आपने उनसे उनकी जुबान छीन ली है और जुबान छीनने का मतलब है कि उनके रिवायात, उनकी तारीख, उनकी तहज़ीब, उनका सब कुछ आप छीन लेना चाहते हैं। जुबान छीन लेने के बाद आप कहते हैं कि ये बेजुबान हैं, इनकी जुबान काटकर फेंक दो। उसके बाद आप हम पर इलजाम लगाते हैं कि हम मदरसे मे जाते हैं, हम अपने बच्चो को मदरसे मे भेजते हैं, हम नए ज़माने के साथ चलना नहीं चाहते हैं। हम नए ज़माने के साथ चलना चाहते हैं लेकिन आप पहले हमें हमारी जुबान दीजिए। आप आज के स्कूलों मे हमारी जुबान दीजिए। आप उर्दू जुबान को उसकी जगह दीजिए। फिर आप देखेंगे कि लोग मदरसों में कम जाएंगे।

आप मदरसों को भी माडर्नाइज कीजिए। आप मदरसो में आज की शिक्षा दीजिए, कंप्यूटर एजुकेशन दीजिए। यह जो 5,500 करोड़ रुपए का प्रावधान है, मैं आपसे दरख्वास्त करता हूं कि आप इसके अंदर उर्दू के लिए कुछ प्रावधान कीजिए। केवल उर्दू की मुहब्बत में नहीं, बल्कि हिंदुस्तान की खातिर, हिंदुस्तान को बचाने की खातिर, आप यह व्यवस्था अवश्य कीजिए। ऐसा करके आप समाज के एक वर्ग को यह अहसास दिलाएंगे कि तुम भी हिंदुस्तान का अहम हिस्सा हो। अगर हम ईमानदारी से हिंदुस्तान में परिवर्तन चाहते हैं तो हमे इन लोगो को इनका हक देना होगा।

महोदय, बंगलादेशियों के सवाल पर मैं यह कहना चाहता हूं कि यह एक जरिया बन गया है मुल्क में लोगों को खौफज़दा करने का। बंगलादेशियों को हरगिज़ हिंदुस्तान में आने की इजाज़त नही मिलनी चाहिए! पाकिस्तानियो को यहां रहने की इजाज़त नहीं मिलनी चाहिए। लेकिन इस सदन मे भी मैंने सुना और बाहर भी लोग बताते रहते हैं कि हमारे यहां 2 करोड़ बंगलादेशी हैं। कोई बताता है कि 4 करोड़ बंगलादेशी हैं। कोई बताता है कि डेढ़ करोड़ बंगलादेशी हैं। बंगलादेशी हर राज्य मे बताए जाते हैं। मैं इस सरकार से यह कहना चाहता हूं कि आखिर यह कब तक चलेगा? आप इस बारे मे एक राष्ट्रीय सर्वे कराइए। क्या सर्वे नही हो सकता? आप सर्वे कराइए कि कितने बंगलादेशी हमारे देश मे हैं क्योंकि आप बंगाली बोलने वालों को, जो कि एक विशेष धर्म के हैं, उनको आप बंगलादेशी कहकर निकाल देना चाहते हो? बंगाल की एक-चौथाई पापुलेशन मुसलमान है और वह बंगाली बोलती है। उन्हे गर्व है अपने बंगाली होने पर। आसाम की एक-तिहाई पापुलेशन बंगाली है। उन्हे गर्व है अपने बंगाली होने पर और मुसलमान होने पर। इसी तरह त्रिपुरा के अंदर मुसलमान लोग हैं जो बंगाली बोलते हैं। जब वे दिल्ली में काम करने के लिए आते है, मजदूरी करने के लिए आते है तो क्या उनका हक नहीं है?

3.00 p.m.

बिहार से आने वालों का हक है, देश के सारे हिस्सों से आने वालों का हक है लेकिन अगर बंगाल से आने वाला मुसलमान दिल्ली या मुंबई में अपना हक मांगता है तो आप उसे विदेशी कहकर निकाल देना चाहते हैं। आप उसे बंगला देश में धकेल देना चाहते हैं। यह बरदाश्त नहीं होगा। इसके लिए कुछ सिस्टम बनाइए। हम यह नहीं कहते कि आप बंगला देश के लोगों को यहां आने दीजिए, बिल्कुल मत आने दीजिए। आप उसके लिए सख्त कदम उठाइए। लेकिन हो यह रहा है कि आज नैतिक हथियार के तौर पर इसे इस्तेमाल किया जाता है। अब तो यह हाल हो गया है कि चाहे वह बंगाली बोलता हो या न बोलता हो, जो मुसलमान औरत साड़ी बांधती है, सिंदूर लगाती है, हिंदुस्तान की परंपराओं पर चलती है, हिंदुस्तान की वेशभूषा पहनती है, उसको आप बंगलादेशी कहकर निकाल देना चाहते हैं। उसको आप बंगला देश भेज देना चाहते हैं। यानी मुसलमान के लिए भी आपने लिबास बना दिया है कि सलवार-कमीज पहनो। मेरे सामने ऐसे कितने ही केसेज आए हैं दिल्ली के अंदर भी जहां कहते हैं कि तू कहां से मुसलमान है? तू तो साड़ी बांधती है, तू तो सिंदूर लगाती है, मतलब यह कि तू बंगला देश से आई है। मैं जानता हूं कि हमारे उत्तर प्रदेश के अंदर मुसलमान औरत शादी होने पर सिंदूर लगाती है। अगर यह सिंदूर नहीं लगाती है तो उसे शादीशुदा नहीं माना जाता। मेरी परंपरा, मेरी ज़मीन, मेरी मिट्टी, हिंदुस्तान है। आप मुझसे मेरी परंपरा छीन लेना चाहते हैं? आप जिन्ना के रास्ते पर चल रहे हैं। आप जिन्ना की परंपरा को हिंदुस्तान में चलाना चाहते हैं। मैं कहना चाहूंगा कि यह ठीक नहीं है, यह गलत है। इसके खिलाफ हमें लड़ना होगा। इसके खिलाफ हमें उठना होगा।

उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं अपनी बात इस शेर के साथ खत्म करता हूं कि -

"हम परवरिश-ए लौह कलम करते रहेंगे।
जो दिल पे गुज़रती है रकम करते रहेंगे।
एक तर्ज़े तगाफुल है सो उनको मुबारक।
एक अर्ज़े तमन्ना है सो हम करते रहेंगे"।

मैं इनसे यह भी कहूंगा कि -

"अजब दौरे हवादीस अब शहरे सियासत में।
हमें लाशें तो मिलती हैं मगर कातिल नहीं मिलता।
लेगा ज़माना खून का हर बूंद का हिसाब।
कातिल को कत्ले-आम से थकने तो दीजिए "।

बहुत-बहुत शुक्रिया।

उपसभाध्यक्ष (श्री रमा शंकर कौशिक) : सिद्दिकी साहब, बहुत-बहुत धन्यवाद। आपने मेडन स्पीच की परंपरा का मान रखा और बिना मेरे घंटी बजाए आपने अपनी बात खत्म कर दी। माननीय एच.के. जयारे गौडा जी यहां उपस्थित नहीं हैं। माननीय राजीव रंजन जी आप बोलिए।

श्री राजीव रंजन सिंह "ललन" (बिहार) : उपसभाध्यक्ष महोदय, राष्ट्रपति जी के अभिभाषण के माध्यम से पूरे वर्ष में सरकार की जो नीति होती है उसको देश की जनता के सामने रखने का काम सरकार करती है और आज हम महामहिम राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर चर्चा कर रहे हैं। महोदय, हमारा देश समस्याओं से घिरा देश है और कई ऐसी समस्याएं हैं जिससे आज पूरा देश जूझ रहा है। लेकिन समस्याएं होना स्वाभाविक है, यह एक स्वाभाविक परिक्रमा है लेकिन समस्याओं के निराकरण के लिए जब हम अपनी प्राथमिकताएं तय करते हैं तथा उन प्राथमिकताओं के तय करने में दृष्टि में कहीं दोष होता है तो उसका असर पूरे देश पर पड़ता है और जो हमारी मूल समस्याएं हैं वे किनारे हो जाती हैं और जो कोई महत्वहीन समस्याएं हैं वे ऊपर चली आती हैं। आज महोदय, हमारे देश के सामने बेरोजगारी, भुखमरी, कृषि जैसी समस्याएं हैं। हमारा देश कृषि प्रधान देश है। हमारी पूरी अर्थव्यवस्था कृषि पर आधारित है। लेकिन अगर आज सबसे बदतर स्थिति है पूरे देश में तो वह किसानों की है और किसी की नहीं है। आज हमारी सबसे बड़ी प्राथमिकता अयोध्या हो गई है। महोदय, यह बड़ी दुखद स्थिति है। चाहे वह सत्ता पक्ष हो या विपक्ष हो, सत्ता पक्ष की भी कई पार्टियां है, आज अयोध्या का सवाल हमारे देश की प्रमुख समस्या हो गई है और पूरे देश में चर्चा का विषय हो गया है। महोदय, पूरा सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों इस बात पर सहमत हैं कि अयोध्या का विवाद या तो आपसी बातचीत से तय होना चाहिए या फिर अदालत के फैसले के अनुसार तय होना चाहिए। मामला अदालत में है, बातचीत कहीं हो नहीं रही है। लेकिन फिर पूरे देश में यह समस्या बनी हुई है। इसको सीधे तौर पर अदालत पर छोड़ देना चाहिए। लेकिन अदालत के पास जब यह विचाराधीन है और हम अदालत के पास जाते हैं यह कहने के लिए कि अविवादित जमीन को छोड़ दिया जाए मंदिर निर्माण के लिए तो फिर हम एक नया विवाद पैदा करते हैं। इसलिए महोदय, जो हमारी प्रमुख समस्याएं हैं देश के सामने उन समस्याओं से ध्यान हटाकर हम अति महत्वहीन विषय की ओर पूरे देश का ध्यान आकृष्ट किए हुए हैं। महोदय, हम लोगों के यहां पुरानी कहावत भी है कि -"भूखे भजन न हो गोपाला।" आज इस देश की ऐसी बड़ी आबादी है जिसके तन पर वस्त्र नहीं है, पेट में भोजन नहीं है और पूरे देश में भगवान का जाप हो रहा है। तो इसलिए महोदय, आज जरूरत इस बात की है कि जो हमारे देश की मूल समस्याएं हैं उन पर ध्यान केन्द्रित किया जाए और उनके निराकरण का उपाय किया जाए, बाद में फिर जो समस्याएं हैं उनको देखा जाए। महोदय, आज जो हमारे देश के सामने सबसे बड़ी समस्या है यह है बेरोजगारी की समस्या। आज हमारे देश मे जो बेरोजगारी की दर है वह बढ़ती ही जा रही है। आज की तारीख में जो पूरी आबादी है उस पूरी आबादी मे जो रोजगार के योग्य लोग हैं वे करीब-करीब 50 करोड़ हैं। 50 करोड़ लोगों में 40 करोड़ लोगों को रोजगार प्राप्त है। लेकिन उन 40 करोड़ में से भी तीन करोड़ ऐसे हैं जिनको साल में मात्र 180 दिन अर्थात 6 महीना ही रोजगार मिलता है। 6 महीना वे बैठे रहते हैं। तो आज स्थिति यह है कि पहले से 10 करोड़ लोग हमारे यहां बेरोजगार हैं और प्रति वर्ष 75 लाख नए लोग बेरोजगारी की पंक्ति में आ रहे हैं जो रोजगार की तलाश में आ रहे हैं। यह संख्या बराबर बढ़ती चली जा रही है। अगर हमारी यही स्थिति रही तो इस पर हम नियंत्रण नहीं कर पायेंगे और आने वाले समय में हमारे देश में बहुत ही खतरनाक स्थिति पैदा होने वाली है।

महोदय, यह ठीक बात है कि हम सबको सरकारी सेवा मे नहीं लगा सकते हैं, हम सबके लिए नौकरी की व्यवस्था नहीं कर सकते हैं, लेकिन जो स्वरोजगार की व्यवस्था है, उसकी व्यवस्था हम कर सकते हैं। उसके लिए हमारे देश के जो परम्परागत उद्योग हैं, उन पर हमको

ध्यान देना पड़ेगा। कृषि हमारे देश का परम्परागत उद्योग है, मत्स्यपालन हमारे देश का परम्परागत उद्योग है, पशुपालन हमारे देश का परम्परागत उद्योग है। ये हमारे देश के परम्परागत उद्योग हैं, इसलिए हमको इन क्षेत्रों पर केन्द्रित होना पड़ेगी तभी हम बेरोजगारी को काबू में कर सकते हैं, नियंत्रण मे कर सकते हैं।

महोदय, कृषि एक ऐसा क्षेत्र है जिससे 77 प्रतिशत लोग जुड़े हुए हैं। लेकिन स्थिति यह है कि 1950-51 में जीडीपी में जो सकल घरेलू उत्पाद है, उसमें कृषि का योगदान 97 परसेंट था और आज वह घटकर 24 परसेंट हो गया है। इससे स्पष्ट होता है कि हम अपने कृषि उद्योग को कहां पर ले जा रहे हैं? हमको आज अपने को कृषि पर केन्द्रित करना पड़ेगा। अगर कृषि का भट्ठा किसी ने बैठाया है तो वह कांग्रेस है। जब से कांग्रेस ने डब्ल्यु.टी.ओ. और गैट का समझौता किया है तब से कृषि का भट्ठा बैठा है। इंटरनेशनल मार्केट में आज हम कम्पीट नहीं कर सकते हैं। कम्पीट इसलिए नहीं कर सकते हैं। ...**(व्यवधान)** ..

श्री प्रेमचन्द गुप्ता : अगर आप इजाजत दें तो मैं कुछ कहना चाहता हूं। डब्ल्यु.टी.ओ.का जो फाइनल डिसीज़न हुआ है वह तो आपके टाइम मे ही हुआ है। आप इसको करेक्ट कर सकते हैं। आपने इसको करेक्ट क्यों नहीं किया? ...**(व्यवधान)**...

श्री राजीव रंजन सिंह 'ललन' : आपने दस्तखत कर दिए थे इसलिए हम क्या कर सकते थे?

श्री प्रेमचन्द गुप्ता : उसका हर साल रिवीज़न होता है। ...**(व्यवधान)**...

श्री के. रहमान खान (कर्णाटक) : उसमें फाइनल सिग्नेचर किसने किए हैं? ...**(व्यवधान)**...

श्री प्रेमचन्द गुप्ता : अभी अरुण जेटली जी टोकियो में गये थे। He did not raise any of these issues there.

उपसभाध्यक्ष (श्री रमा शंकर कौशिक) : हां, ठीक कह रहे हैं। आप उनको बोलने दीजिए।

श्री राजीव रंजन सिंह 'ललन' : उपसभाध्यक्ष जी, उनकी गलतियों का सुधार हो रहा है। ...**(व्यवधान)**... आप तो देवगोड़ा जी की सरकार में थे, उस समय क्यों नहीं कर रहे थे। उस समय लालू जी टमाटर और कद्दू पर भाषण करते थे। ...**(व्यवधान)**...

उपसभाध्यक्ष (श्री रमा शंकर कौशिक) : आप बैठ जाइये। आप आसन ग्रहण करिए। इस बात को 'ललन' जी भी जानते हैं। आप उनको बोलने दीजिए।

श्री राजीव रंजन सिंह 'ललन' : आज हम अंतर्राष्ट्रीय बाजार में टिक नहीं पा रहे हैं। जो यूरोपीय देश हैं वहां पर किसानों को सबसिडी दी जाती है। यहां पर करीब-करीब 300 बिलियन डालर की उनको सबसिडी दी जा रही है। अमेरिका में 30 हजार डालर की सबसिडी

किसानो को दी जा रही है और अभी हाल ही मे हमने एक अखबार मे पढा कि एक बिल पास करके अमेरिका ने यह फैसला किया है कि अगले दस वर्षो तक वह 180 मिलियन डालर और सबसिडी अपने किसानो को देने की व्यवस्था करेगा। जितनी सबसिडी यूरोप के देश और अमेरिका अपने किसानो को दे रहे हैं, उतनी सबसिडी आज हम अपने किसानो को नहीं दे रहे हैं, इसीलिए हमारी उत्पादन लागत बढ़ रही है और उत्पादन कम हो रहा है। ऐसी स्थिति मे आज हम अन्तर्राष्ट्रीय मार्केट मे कम्पीट करने की स्थिति मे नही हैं। ...**(व्यवधान)**...

महोदय, हमारे देश मे उत्पादन लागत मे लगातार वृद्धि हो रही है। हमारे देश मे वर्ष 1998-99 मे जो गेहूं के उत्पादन का खर्च था, वह 481.37 रुपये था और जो बढ़कर 2000-01 मे 580.75 रुपये हो गया है। हमारे उत्पादन की दर वही है। हमारे यहां धान की उत्पादन लागत 595 रुपये से बढ़कर आज 705 रुपये हो गयी है। आज हमारे यहां प्रति हैक्टेयर उत्पादन लागत पर खर्च बढ़ रहा है। लेकिन विश्व मे गेहूं की उत्पादन लागत 1997-98 मे 13.7 सैंट प्रति किलोग्राम थी, जो आज घटकर 09.05 रुपये हो गयी है। धान मे उत्पादन लागत 1997-98 मे 44 सेंट था जो आज घटकर 33 सैंट हो गयी है। महोदय, विश्व मे एक तरफ उत्पादन लागत घट रही है और हमारे यहां उत्पादन लागत बढ़ रही है। इस पर अगर हम नियंत्रण नही पाएंगे तो हम कैसे कंपीट कर पाएंगे?

महोदय, इसके अतिरिक्त आज कृषि के जो उत्पाद हैं, उनका आयात बढ़ा है। 1990-91 मे हमारा जो टोटल आयात था, उसमे कृषि उत्पाद से संबंधित जो आयात था, वह मात्र तीन परसेंट था। आज यह बढ़कर सात परसेंट हो गया है। अब आयात के कारण भी हमारी पूरी कृषि प्रभावित हो रही है। महोदय, हमारी जो मूल समस्या है बेरोज़गारी, वह कृषि पर आधारित है और अगर हम अपने पारम्परिक उद्योगो को इम्प्रूव नही करेंगे, उनमे सुधार नही लाएंगे तो हम बेरोज़गारी पर नियंत्रण नहीं पा सकते हैं। यदि हम बेरोज़गारी पर नियंत्रण नही पाएंगे तो हमारी जो अन्य समस्याएं हैं, उन पर नियंत्रण पाना मुश्किल होगा। जनरल शंकर राय चौधरी इंटरनल सिक्यौरिटी की बात कर रहे थे। आज बेरोज़गारी के साथ देश की आंतरिक सुरक्षा भी जुड़ी हुई है। अगर बेरोज़गारी दूर नहीं होगी तो देश में आतंकवाद बढ़ेगा। इसलिए बेरोज़गारी के साथ हमारी सारी समस्याएं जुड़ी हैं, इसलिए आज सरकार को पूरे तौर पर बेरोज़गारी पर केंद्रित होना चाहिए। बहुत-बहुत धन्यवाद।

SHRI RAM JETHMALANI (Maharashtra): Mr. Vice-Chairman, Sir, I am conscious of the fact that there is a very little time at my disposal. Though I have moved about 25 amendments to the Motion, I propose to concentrate only on five topics, and I will devote only a few minutes to each one of them.

Sir, some of the speeches that have been made on this Motion have, doubtless, been characterised by a great heat and passion, and I must give a compliment to my friend, Shri Lalu Prasadji, that his speech contained a lot of passion, heat, and bluster. But, I must say that behind all that bluster, there was a solid core of sense and sensibility which the

House, and, particularly, the Government, will ignore at their own peril; it contained some words of advice which do call for introspection, thinking and action.

Sir, out of the five topics, the one which assumes a great importance, every time a crucial step in the evolution of Indian democracy comes along, is, doubtless, the topic of Ayodhya. Even the President has found it of sufficient importance to mention it in his speech. He has devoted a paragraph, paragraph 15 of his speech to Ayodhya. But I must say, Sir, that I am deeply, deeply disappointed about that paragraph and its contents. What it says, in substance, is that 'either settle it by agreement or settle it by a judicial decision.' Sir, these are not the only two alternatives of settling this problem. This is a problem which is a threat to the unity and integrity of the country. If it is a threat to the unity and integrity of the country, it requires much more serious thought than by casually saying that the courts will decide this matter, if you do not settle it by agreement amongst yourself. If an agreement can be brought about, it is well and good, but an agreement which has eluded us for the last half-a-century will not come about in the next few days; and, it is a disgrace to our legal system that the title suit has been pending for the last 50 years. It must be a record in the history of judiciary in any country that a suit should be pending for 50 years, and, today it is only in the court of the original jurisdiction. After this suit is decided, - and, I assure you it won't be decided for the next 10 years - there will be an appeal, and, probably, a second appeal, and so on. At least, in the life-time of all of us here, probably, this litigation will never come to an end. What is the net result? The net result is that the gulf that divides the two communities will continue to widen, and national integration shall be the most tragic casualty of the pendency of either this litigation or this lack of agreement. Sir, I want to say something which certainly will not bring any pleasure to my friends on this side, nor will I win any particular number of friends on the other side. I do wish to say this that, today, my Hindu friends do believe that they are the majority community. Doubtless, they are. They believe that they have the monopoly of love for this country. Let us assume that both these claims are right. Then, we must remind ourselves of that famous story of the two women who fought for the custody of a child before a *Quazi*. They could not agree, and the *Quazi* wanted to partition the child. Ultimately, the real mother had to say, "I do not want the child to be killed, let the other one take it." If the claim is that you love the country, the sacrifice must come from here. I have believed, and I have said it more than once before,

that the way of solving the problem is that the majority community must announce that until and unless non-Hindus lovingly, with a feeling of reverence, come and participate in the building up of this temple, the temple shall not be built. If you make this kind of a historic announcement that only when every single Muslim recognises that Ram was the Imam-e-Hind as Iqbal called Him.

SHRI SHAHID SIDDIQUI: We have already said that Rama is *Maryada Puroshottam* and Imam...

राष्ट्रपति जी के अभिभाषण के पैरा 4 के संबंध मे विपक्षी दलो ने आरोप लगाया है कि पंचवर्षीय योजना का मसौदा महज एक चुनावी घोषणा-पत्र है। इस संबंध मे मैं यह कहना चाहूंगा कि विपक्ष के द्वारा लगाया गया आरोप बिल्कुल निराधार है। राष्ट्रपति जी ने अपने अभिभाषण मे जिन योजनाओ का उल्लेख किया है वे दीर्घकालीन योजनाएं हैं। वोटो की दृष्टि से इन बातो का कोई महत्व नही है। परन्तु इन योजनाओ का लाभ भविष्य मे मिलने वाला है। इस सरकार के पहले भी कई सरकारें आई। उन्होने भिन्न-भिन्न क्षेत्रो मे सुधार घोषित किए, किन्तु यह पहली बार हुआ है कि जब राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में विभिन्न क्षेत्रो मे घोषित सुधारो को सफल बनाने का एक राष्ट्रीय संकल्प नजर आता है। इन सुधारो के लिए राशि भी आवंटित की गई है ताकि सुधारो का कार्यान्वयन हो सके। अत: आवश्यकता इस बात की है कि सभी वर्गो के लोगों को मिल-जुल कर इन राष्ट्रीय समस्याओ के समाधान के लिए आशावादी दृष्टिकोण से आर्थिक तथा सामाजिक सुधार को करना होगा। हमे अपना योगदान भी देना होगा। आज हमारा देश आतंकवाद से ग्रसित है। पड़ोसी देश हमारे राष्ट्र में दहशत का माहौल बनाने के लिए कृतसंकल्प हैं। हमारी सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। आंतरिक सुरक्षा को भी पड़ोसी देशो से खतरा हो गया है। बाहरी आतंकवादी तथा आंतरिक आतंकवाद से भी निपटने के लिए सरकार ने पुलिस बलों को आधुनिक बनाने में अगले दस वर्षों मे एक हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। यह सचमुच सराहनीय निर्णय है। हमारी स्वयं की जनसंख्या एवं बाहर से आए अवैध प्रवासियों की समस्या एक गंभीर समस्या बन गई है। इसे हल करना होगा। घुसपैठ को रोकने के लिए भारत-बंगला देश सीमा पर समयबद्ध तरीके से बाड़ लगानी होगी अन्यथा यह समस्या विकराल रूप धारण करती जाएगी। विश्व के कई देशों मे पानी की समस्या को देखते हुए विशेषज्ञो का मानना है कि अगला विश्व युद्ध पानी के लिए हो सकता है। भारत में सूखा एवं बाढ़ के चलते हर वर्ष जान-माल की हानि होती रहती है। यदि उत्तर से दक्षिण, पूर्व से पश्चिम तक नदियो को जोड़ दिया जाए तो भारत में अतिवृष्टि तथा अनावृष्टि का खतरा सदा के लिए समाप्त हो जाएगा, ऐसी उम्मीद की जा सकती है। आजादी के 55 साल बीतने के बाद भी नदियों को मिलाने का प्रयास कभी गंभीरता से नही हुआ। मैं आदरणीय प्रधान मंत्री जी को उनकी दूरदर्शिता के लिए बधाई देता हूं जिन्होने भारत की नदियों को आपस मे जोड़ने की परियोजना को स्वीकृति दे कर इस योजना को साकार करने के लिए कदम उठाए हैं। इस परियोजना पर 5 लाख 60 हजार करोड़ रुपये की लागत आने की संभावना है। इस परियोजना के पूरा हो जाने पर पेयजल, सिंचाई, ऊर्जा तथा पर्यटन के क्षेत्र मे महत्वपूर्ण लाभ होगा। विभिन्न प्रदेशों मे विभिन्न दलों की सरकारों को क्षेत्रवाद से ऊपर उठ कर राष्ट्र हित की इस योजना, लोक हित एवं महान यज्ञ में शामिल हो कर अपने कर्त्तव्यों का वहन करना होगा। जब से जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार ने देश की बागडोर संभाली है तब से ग्रामीण क्षेत्रो की ओर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। स्वजलधारा, जो कि पीने के पानी से संबंधित है, ग्रामो को पक्की सड़कों से जोड़ना, शिक्षा प्रसार, क्षेत्रो मे विकास, दूरगामी योजनाओं का संकल्प एवं कार्यान्वयन किया गया है, क्योकि भारत गांवो में बसता है।

उपसभाध्यक्ष महोदय, स्वर्णिम चतुर्भुज के नाम से राष्ट्रीय राजमार्ग के विकास की योजना एक क्रांतिकारी योजना है। आने वाले समय में इस योजना से राष्ट्र को कितना लाभ होगा, इसकी कल्पना नहीं की जा सकती। यह आने वाली पीढ़ी के लिए इस सरकार की एक अमूल्य देन है, जो नए तथा सुदृढ़ भारत के संकल्प को साकार करने का सही प्रयत्न है। इसी के साथ ही पुरानी पड़ गई रेल पटरियों तथा पुलों के नवीनीकरण हेतु अगले पांच सालों तक

17,000 करोड़ रुपए की एक व्यापक राशि का आवंटन किया गया है। बदलते आर्थिक परिवेश से जूझने के लिए पेट्रोलियम क्षेत्र मे, बिजली के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने के लिए बहुत से कदम सरकार द्वारा उठाए गए हैं, जिनकी मैं सराहना करता हूँ। ऊर्जा के क्षेत्र मे भी बहुत से कार्य किए गए हैं।

उपसभाध्यक्ष महोदय, अबाध गति से बढती हुई जनसंख्या हमारी बहुत सी समस्याओ का मूल कारण है। यह समस्या किसी पार्टी या किसी वर्ग विशेष की नही है या कोई यह क्षेत्रीयता से संबंधित समस्या नही है। यह समस्या राष्ट्र की समस्या है, इसलिए हम सभी भारतवासियो का दायित्व है कि इस समस्या की गंभीरता को सोचते हुए इस पर रोक लगाने का सामूहिक संकल्प करे।

उपसभाध्यक्ष महोदय, हमारे देश को आज कैन्सर, एड्स, मलेरिया, कालाजार जैसे अनेक घातक रोग घेरते जा रहे हैं। आज की युवा पीढ़ी, विशेषकर 15 से 24 वर्ष की आयु के बच्चे एड्स जैसे घातक रोग से पीड़ित हो रहे हैं। हमारे देश मे आज लगभग चार लाख लोग एचआईवी पोजिटिव के शिकार हैं। इसके मुकाबले देश के अस्पतालो मे ऐसे मरीजो के बिस्तरों की संख्या कम है, जिसमे बढ़ौतरी किए जाने की आवश्यकता है ताकि हम इस घातक रोग से लड़ सके। इन रोगों के उन्मूलन के लिए सरकार जो कदम उठा रही है, वह प्रशंसनीय हैं। कैन्सर, एड्स की औषधियां बहुत महंगी हैं। एड्स से ग्रस्त एक रोगी को अपने इलाज के लिए प्रतिमाह 9000/- रुपए खर्च करना पड़ते हैं। मेरा सुझाव है कि इन घातक रोग की दवाइयों के मूल्य पर नियंत्रण करना चाहिए और एड्स के प्रति जागरूकता हेतु लागू किए गए प्रोजेक्टों में वृद्धि करनी चाहिए। इसके साथ ही सरकारी अस्पताल, एड्स क्लीनिक खोलने के साथ साथ कौन्सलिंग सेटर भी खोलने की आवश्यकता है। मेरा निवेदन है कि ऐसे मरीजों के लिए वित्तीय सहायता का प्रावधान होना चाहिए।

उपसभाध्यक्ष महोदय, देश मे क्रीड़ा संबंधी साहित्य की काफी समय से मांग की जा रही है। खेलों को बढ़ावा देने के लिए युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय ने राष्ट्रीय युवा नीति का मसौदा तैयार किया है, जो प्रशंसा का विषय है। हमे अपने खिलाड़ियों का मनोबल और उत्साह बढ़ाना चाहिए ताकि वे राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय खेलो में अपना बेहतर प्रदर्शन कर सके। हमें ऐसा कोई कदम नही उठाना चाहिए, जिससे हमारे खिलाड़ियों के उत्साह और मनोबल का किसी तरह से ह्रास हो। मेरा सुझाव है कि राजनीति से खेलो को अलग रखा जाए।

अंत में मैं इन सभी राष्ट्र हित की योजनाओं के लिए सरकार को बधाई देता हूँ और इस सदन के सभी माननीय सदस्यों से निवेदन करता हूँ कि राष्ट्रपति जी के अभिभाषण के इस धन्यवाद प्रस्ताव को एकमत से स्वीकार करें और संकल्प करे कि राष्ट्र की समस्या सबकी साझा समस्या है, इसे सुलझाने का काम भी सबको मिलकर करना है। इसी के साथ ही मैं अपनी वाणी को विराम देता हूँ और इस प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पास किए जाने की आशा करता हूँ। धन्यवाद।

उपसभाध्यक्ष (श्री पी. प्रभाकर रेड्डी) : श्री हरेन्द्र सिंह मलिक। श्री डी.पी. यादव।

श्री डी.पी. यादव (उत्तर प्रदेश) : उपसभाध्यक्ष महोदय, धन्यवाद, जो आपने महामहिम राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर मुझे बोलने का अवसर दिया। चूंकि मेरा ताल्लुक किसान और खेती से है, इसलिए मैं अपनी बात वहीं से शुरू करना चाहूंगा क्योंकि आज पूरे मुल्क के स्तर पर किसान की दुर्दशा है।

महोदय, सरकार ने महामहिम राष्ट्रपति जी के अभिभाषण के द्वारा अलग अलग मुद्दों पर ध्यान आकर्षित करने का काम किया है। और अपनी उपलब्धियों में किसान की क्या प्रगति हुई है, यह भी बताया है। लेकिन मैं तो यह कहना चाहूंगा कि पिछले पांच साल के दौरान प्रगति की जगह किसान की दुर्गति हुई है और यह बात किसी से छिपी नहीं है। इसलिए हमें देखना होगा कि कृषि नीति में क्या बदलाव हुए और किसान को उनसे क्या हासिल हुआ। महोदय, मैं उत्तर प्रदेश से आता हूं और उत्तर प्रदेश में आज स्थिति यह है कि यहां गन्ना किसान आत्महत्या करने पर उतारू हैं। वह किसान जिसका सारा परिवार सूरज निकलने से लेकर सूरज डूबने के बाद तक खेत में मेहनत करता है, वही किसान, जो अनाज और उत्पादन करके इस देश के भंडार को भरता है, उस किसान की आज ऐसी दुर्दशा हो रही है। उसको खाद पर दी जाने वाली सब्सिडी लगातार खत्म की जा रही है, फर्टिलाइज़र उसको मिलता नहीं है, पानी इसलिए मुहैया नहीं होता क्योंकि ट्यूबवैल के लिए बिजली पर्याप्त नहीं है और उत्तर प्रदेश की हालत तो और भी अजीबो-गरीब है। हमारी केन्द्र सरकार ने पोटा का कानून बनाया है, उसका कितना सदुपयोग और दुरुपयोग हो रहा है, यह आए दिन अखबार और मीडिया के माध्यम से हम लोग लगातार पढ़ते-देखते रहते हैं। आज अगर उत्तर प्रदेश में वास्तविकता को लेकर किसी जनप्रतिनिधि ने ज़बान खोलने की कोशिश की तो मैं नहीं जानता कि उस पर कब, किस दिन पोटा लगाकर उसकी ज़बान को बंद कर दिया जाएगा। अब तो जनप्रतिनिधियों को, चुने हुए लोगों को वहां डर और भय सताने लगा है और वे उसी तरह से डर और आतंक के साये में हैं, जिस तरह से पूरे मुल्क में अल्पसंख्यक दहशत में हैं, डर और आतंक में हैं। आज आम आदमी का जनजीवन, विशेषकर उत्तर प्रदेश में, उसी तरह के दहशत के चक्कर में आ चुका है। मैं कहना चाहूंगा कि किसान और विशेषकर आज का गन्ना किसान आज बहुत परेशान है। किसान लगातार मेहनत करके अपने खेतों में गन्ना पैदा करता है, बेशक उसके पीछे मंशा यह होती है कि हमारी आर्थिक स्थिति ठीक हो, लेकिन इसके साथ ही साथ उसके पीछे यह मंशा भी होती है कि हमारे देश के लिए उत्पादन इकट्ठा हो, हम लोग कृषि क्षेत्र में आगे बढ़ें, लेकिन आज पूरे प्रदेश के अंदर स्थिति यह है कि वहां किसान को बेहद परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और यह महज़ इसलिए नहीं कि मिल-मालिक किसान को उचित मूल्य नहीं देना चाहते, बल्कि मैं कहना चाहूंगा कि सिर्फ सरकार की नीति का निर्धारण गलत ढंग से होने के कारण केवल किसान को ही नहीं बल्कि मिल-मालिकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा है। आज पूरे मुल्क में गन्ना और चीनी उद्योग संकट में है।

मान्यवर, अब मैं महामहिम राष्ट्रपति जी के अभिभाषण के दूसरे पहलू, जिसमें रोजगार की व्यवस्था का ज़िक्र किया गया है, के बारे में कुछ कहना चाहूंगा। महोदय, रोज़मर्रा की ज़िन्दगी में उन बेरोज़गार नौजवानों से मेरा वास्ता पड़ता है जो लगातार दिल्ली और सांसदों के मकानों पर रोज़गार की सिफारिश कराने के लिए आते हैं और मैं आपको यकीन से बताना चाहता

हूं कि बड़ी-बड़ी मल्टी नेशनल कम्पनियो और छोटे उद्योगो मे बंद और छंटनी के प्रभाव से आज यह स्थिति पैदा हो गई है कि नौजवानो का एक बहुत बड़ा समूह, जो रोज़गार मे लगा हुआ था, आज यह बेरोज़गार हो चुका है। यह बहुत ही चिंताजनक और गंभीर विषय है, लेकिन मैं नही जानता कि सरकार के पास इसके लिए कौन सी नीति है। मैं इस विषय में विशेषकर यह भी कहना चाहूंगा कि समाज का जो पिछड़ा और कमज़ोर वर्ग है, इस पूरे अभिभाषण को पढ़कर मैंने यह जाना कि पिछड़े वर्ग के लोगों को, जिनकी संख्या इस देश में सबसे ज्यादा है, उन करीब 65 करोड़ लोगों के बारे में कुछ सोचा ही नहीं गया है और उपेक्षा का शिकार यह वर्ग लगातार प्रताड़ित होता हुआ बेरोज़गारी की तरफ बढ़ रहा है।

मान्यवर, मैं इस अभिभाषण को सुन रहा था और जब मैं इसे पढ़ रहा था तो मैंने देखा कि महामहिम राष्ट्रपति जी ने सरकार का पक्ष अभिभाषण मे रखा है। उसमें कहा गया है कि पुलिस व्यवस्था का आधुनिकीकरण किया गया है। मैं अपने साथ बीती हुई एक घटना का ज़िक्र यहां करना चाहता हूं। पिछले सत्र के दौरान एक दिन मैं नौएडा में एक टी.वी. कार्यक्रम "परख" में भाग लेने के लिए गया हुआ था। मेरे साथ दूसरे सदन के कुछ साथी भी वहां मौजूद थे। इत्तिफाक से उस दिन मेरा ड्राइवर एक वर्कशॉप से गाड़ी लेकर घर के लिए चला और तुगलक रोड थाने के पास उसकी टक्कर एक थ्री-व्हीलर से हो गई।

मान्यवर, मैं आपको यह बताना चाहता हूं कि मेरा ड्राइवर गाड़ी वही छोड़कर, पुलिस के डर की वजह से घर आ गया। मैंने उससे कहा कि टक्कर होने के बाद आपको पुलिस के समक्ष जाना चाहिए था और अपनी गलती बतानी चाहिए थी। उसने कहा कि पुलिस के एक इंस्पैक्टर ने उससे यह पूछा कि गाड़ी किसकी है? उसने मेरा नाम लिया। तो ड्राइवर से कहा गया कि आपको यह बयान देना है कि इस गाड़ी मे डी.पी. यादव बैठे हुए थे और इस गाड़ी को डी.पी. यादव चला रहे थे। यह पुलिस के आधुनिकीकरण का एक नमूना है। जहां की पुलिस को यह भी शऊर नही है कि एक सांसद को यह कहकर यह किसी केस मे फंसाना चाहती है जो वहां से कोसों दूर किसी ऐसी जगह मे मौजूद है जहां किसी टी.वी. चैनल का कार्यक्रम रिकॉर्ड हो रहा है। मैंने यह सवाल इसलिए उठाया कि पुलिस के आधुनिकीकरण की बात यहां कही गई है।

महोदय, मैं आपको यह बात भी बता देना चाहता हूं कि उससे अगले रोज़ यहां जंतर-मंतर के पास पार्लियामेंट थाने पर जो घेराव हुआ, बिहार के कुछ सांसद और किसानों के प्रतिनिधियों पर पुलिस द्वारा लाठियां बरसाई गई और उस परिप्रेक्ष्य में वहां के डी.सी.पी. को सरकार द्वारा निलम्बित किया गया। मुझे दो रोज़ बाद यह देखकर बहुत अफसोस हुआ कि जिस डी.सी.पी. को यह कहकर कि आपने माननीय सांसदो के साथ अमानवीय व्यवहार किया है, जांच के दौरान निलम्बित किया गया था, जैसे ही सत्र समाप्त हुआ, दो रोज़ बाद, उन्हे पुनः अपनी जगह बहाल कर दिया गया। मुझे कोई ऐतराज़ नही है इस बात से लेकिन मैं सिर्फ यह कहना चाहता हूं कि ये जो मान्यताएं हैं, इन मान्यताओं की अनदेखी करने पर सरकार लगातार आमादा है। अगर आधुनिकीकरण के नाम पर पुलिस व्यवस्था ऐसे लोगो को भी प्रताड़ित करने से नहीं मानेगी, तो मैं समझता हूं कि आम आदमी के साथ जो उसका व्यवहार है, जो उसका बर्ताव है, वह क्या होगा? मान्यवर, मैं आपसे क्षमा चाहूंगा।

उपसभाध्यक्ष (श्री पी.प्रभाकर रेड्डी) : आप कनक्लूड कीजिए।

श्री डी.पी.यादव : मैं हाऊस में कभी-कभी ही बोलता हूं। मुझे हर रोज लगातार हाथ ऊपर करने का शौक नहीं है। मैं इसमें किसी की अवमानना नहीं करना चाहता लेकिन आप रिकॉर्ड देख लीजिए कि हम सत्र में जब बहुत ज़रूरी समझते हैं, तभी बोलते हैं। आज महामहिम राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर चर्चा हो रही है। इसलिए मैं पिछले सत्र और इस सत्र के दौरान बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं।

महोदय, मैं यह कहना चाहूंगा कि कानून की दृष्टि से मैं न्यायपालिका का बेइंतहा आदर करता हूं, इज्जत करता हूं लेकिन मुझे कभी-कभी अफसोस होता है और मैं यह कहने से अपने आपको नहीं रोक पाता हूं कि पिछले महीने दिल्ली के एक स्पेशल कोर्ट द्वारा निर्देशित या आरोपित एक विशेष जाति को दोषी करार दे दिया गया। अभी माननीय जेठमलानी जी यहां फॉस्ट-ट्रैक का जिक्र कर रहे थे। वे कह रहे थे कि ललित नारायण मिश्र का बरसों पुराना बिहार का जो केस है, यह अभी तक लंबित है। न्याय की नजर में जो अब तक बहुत पहले आ जाना चाहिए था लेकिन दूसरी तरफ हमारी सरकार ने फास्ट ट्रेक कोर्ट बनाए हैं, अच्छी बात है, खुशी की बात है लेकिन कोई न्यायाधीश अगर एक प्रश्न-चिन्ह लगा दे ऐसी बहादुर जाति पर जिस जाति के लोगों ने पार्लियामेंट को बचाने के लिए अपनी जान दी हो, अक्षरधाम में बलिदान दिया हो और कारगिल के युद्ध में परमवीर चक्र प्राप्त किया हो तो निश्चित तौर से मैं अपने आपको कहने से नहीं रोक पाया कि कहीं न कहीं नीति निर्धारण में कमी है और सरकार को अपनी आंख और दिमाग खोलकर के नीति निर्धारण करने का काम करना चाहिए।

उपसभाध्यक्ष (श्री पी. प्रभाकर रेड्डी) : अब आप कांक्लूड कीजिए, बहुत टाइम ले चुके हैं और बहुत स्पीकर भी हैं।

श्री डी.पी. यादव : मान्यवर, अभी मैंने आपसे निवेदन किया था। मैं भी उसी चुनी हुई प्रक्रिया से यहां पहुंचा हूं जिससे सब पहुंचे हैं। बेशक मेरे पीछे कोई बड़ी पार्टी न सही लेकिन अगर अपनी अभिव्यक्ति और कहने के विचार को भी नहीं रख पाए तो मैं इससे आगे कुछ नहीं कह सकता।

उपसभाध्यक्ष (श्री पी. प्रभाकर रेड्डी) : नहीं, समय नहीं है। 5-6 और स्पीकर हैं।

श्री डी.पी. यादव : मान्यवर, समय दिया जा सकता है, मैं आपसे निवेदन कर रहा हूं कि समय दीजिए तथा बड़ी पार्टियों के कुछ समय को थोड़ा कर दीजिए।

उपसभाध्यक्ष (श्री पी. प्रभाकर रेड्डी) : आप कांक्लूड कीजिए।

श्री डी.पी. यादव : क्योंकि यह मंदिर और मस्जिद के मुद्दे आम जनमानस को सुख देने वाले मुद्दे नहीं हैं, महज राजनीति को कायम रखने के लिए और अपने आपको राजनीति में जिंदा रखने के लिए मंदिर और मस्जिद के मुद्दों को बनाया गया है, आम आदमी का कुछ लेना-देना नहीं है। इससे हमारी धार्मिक भावनाएं जुड़ी हैं, हम मंदिर और मस्जिद में आस्था रखते हैं।

लेकिन जिस तरीके से मस्जिद और मंदिर के मुद्दे को उठाकर आज पूरे देश में साम्प्रदायिकता का तनाव बना हुआ है, उसका महज कारण सिर्फ यह हो सकता है कि लोग अपनी राजनीति को जिंदा रखना चाहते हैं।

उपसभाध्यक्ष (श्री पी. प्रभाकर रेड्डी) : आप कांक्लूड कीजिए, यादव जी।

श्री डी.पी. यादव : मैं अपनी एक और बात आपके सामने रखना चाहता हूं कि मीडिया एक सशक्त माध्यम है। निश्चित तौर पर इलेक्ट्रोनिक मीडिया आने के बाद यहां प्रसारण में बहुत सुधार हुआ है। लेकिन कुछ तथाकथित मीडिया जो महज विज्ञापनों के आधार पर आर्थिक धन बटोर कर अपना साम्राज्य स्थापित किए हुए हैं और हम देखते हैं कि वह अपने आपको बहुत ही तेज, बहुत ही निर्भीक, बहुत ही सच्चा बताते हैं। मान्यवर, मैं अपनी बात पर आता हूं। गुजरात में चुनाव से पहले की बात है। मेरे पास एक सुबह मीडिया के लोग मेरे घर पर पहुंचे और मुझसे कहा कि डी0पी0 यादव जी, हम आपका इंटरव्यू लेना चाहते हैं। हमने कहा किस विषय में? उन्होने कहा कि परसो आपकी गाड़ी एक थ्री व्हीलर से टकरा गई है। हमने कहा -हां, टकरा गई, क्या बात हुई? उन्होंने कहा कि इसमें आपका इंटरव्यू चाहिए। मान्यवर, मुझे हैरत हुई। मैंने उन पांच लोगो से पूछा जो कंधे पर केमरा रखे हुए थे। मैंने उनसे कहा कि क्या आपके मीडिया के पास इससे जरूरी मुद्दा और कोई नहीं है जबकि आज पूरे देश मे तनाव की स्थिति है। कोई और मुद्दा आपके पास नहीं है जिस पर आप अपना कीमती समय उस पर लगा सकें। मैं सिर्फ यह बात इसलिए कह रहा हूं कि जहां मीडिया की स्थिति भी यह हो गई हो वहां हमारी सरकार को यह जरूर देखना चाहिए कि मीडिया बेशक उसके पक्ष में प्रचार कर रहा हो, हो सकता है उसकी अपनी बात कह रहा हो लेकिन सवाल इस देश के सवा सौ करोड़ लोगों का है। मैं सौ करोड़ नही 125 करोड़ इस देश की आबादी इसलिए मानता हूं कि जनगणना जिस तरीके से हुई है मैं जानता हूं क्योंकि मैं गांव का रहने वाला हूं। मुझे पता है। वह मैं जानता हूं कि वह कितने सही तरीके से हुई है। 125 करोड़ लोगो की आस्था का सवाल है।

उपसभाध्यक्ष (श्री पी. प्रभाकर रेड्डी) : आप कांक्लूड कीजिए यादव जी, बहुत ज्यादा टाइम ले लिया है।

श्री डी.पी. यादव : मान्यवर, मैं एक मिनट मे अपनी बात समाप्त करना चाहूंगा।

उपसभाध्यक्ष (श्री पी. प्रभाकर रेड्डी) : मैं नेक्स्ट स्पीकर को बुला रहा हूं, आप बैठ जाइए। I am calling the next speaker.

श्री डी.पी. यादव : मान्यवर, खेल और खिलाड़ी के बारे में इस अभिभाषण में कहा गया है। मेरा कहना सिर्फ यह है कि क्या सरकार कोई नीति खिलाड़ियो के बारे में निर्धारित कर पाई? आज अपने आदर्श के रूप मे जो खिलाड़ियों को नौजवान देखता है उनके आक्रोश का सामना भी खिलाड़ियों के घरों को करना पड़ा। उसका कारण, मान्यवर, मैं यह मानता हूं कि अगर हमारी नीतियां सही रही होतीं तो निश्चित तौर से इस सवा सौ करोड़ के देश में ऐसे खिलाड़ी पैदा हो सकते थे, निकल सकते थे जो सारी दुनिया मे अव्वल आते। लेकिन दुर्भाग्य इस बात का है कि सिफारिश के आधार पर खिलाड़ियों का चयन किया जाता है और सही रूप मे जो खिलाड़ी है ...**(व्यवधान)**...

उपसभाध्यक्ष (श्री पी. प्रभाकर रेड्डी) : आप बैठ जाइये।

श्री डी.पी. यादव : उसे आगे आने का मौका सिर्फ इसलिए नहीं दिया जाता है क्योंकि वह कमजोर और पिछड़े वर्ग का है।

उपसभाध्यक्ष (श्री पी. प्रभाकर रेड्डी) : नेक्स्ट स्पीकर श्री गवई।

श्री डी.पी. यादव : उसकी सिफारिश राजनीतिक तौर पर नहीं होती है।

उपसभाध्यक्ष (श्री पी. प्रभाकर रेड्डी) : आप बैठ जाइये।

श्री डी. पी. यादव : उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं इन तमाम बातों को कहते हुए, अपने विचार, अपने सुझाव और अपने अनुरोध के साथ अपनी बात समाप्त करता हूं। धन्यवाद।

SHRI R.S. GAVAI (Maharashtra): Sir, I am particularly dealing with the topic of the social justice. The President's Address mentions that it is the moral bound duty of the Government to bring the weaker sections of the society, particularly the Scheduled Castes and the Scheduled Tribes, in the mainstream. So far as social justice is concerned, I will deal with the reservation policy only. The Constitution of India provides many provisions for the welfare of the Scheduled Castes and Scheduled Tribes. I shall not waste the time of the House by reading those articles. In the direct recruitment, certain percentage of reservation has been fixed for the Scheduled Castes and Scheduled Tribes. About 15 per cent reservation has been provided for the Scheduled Castes, and 7.5 per cent to the Scheduled Tribes in Government of India services, State Government services, and other allied services. But, I am very sorry to mention that because of not having a stricter and sincere implementation of the reservation policy in respect of the Scheduled Castes and Scheduled Tribes, the very purpose of reservation policy is being defeated. To strengthen my point, I want to bring to the notice of the House that there are recommendations and observations of the Joint Parliamentary Committee of the Welfare of the Scheduled Castes and Scheduled Tribes. A panel has also been appointed by the Government, that is, the Parliamentary Panel for Law to Regulate Reservation Order. Here, I will mention the observations of the Joint Parliamentary Committee. The Committee represents the Parliament. Therefore, the views expressed by that Committee, are the views of the Parliament. I don't want to elaborate the information that I have, but as an indication, I would just like to mention that the representation of the Scheduled Castes and Scheduled Tribes in the Central Government

Services, as on 1st January, 1999, in Group 'A' out of the total of 93,520, the SCs constitute only 10,558, that is, 11.29 per cent; in respect of Group of 'B' services, out of the total of 1,04,093, the SCs constitute only 13,306, that is, 12.68 per cent only. So far as the Scheduled Tribes are concerned, they constitute 3.39 per cent in Group 'A' services, and 3.35 per cent in Group 'B' services.

[THE VICE-CHAIRMAN, (SHRI SURESH PACHOURI), in the Chair]

It does mean that the quantum of the percentage, laid down in the reservation policy, is not being fulfilled. The observations of the Parliamentary Committee on the Welfare of the Scheduled Castes and Scheduled Tribes are there. The Committee - in its 29th Report, which was recently tabled in the Parliament - says, "There should also be a Central law to regulate the implementation of the reservation policy for the Scheduled Castes and Scheduled Tribes in all the State Governments, Ministries, Departments of the Government of India, Public Sector Undertakings and the private sector."

I have already mentioned that a Parliamentary Panel had made out a strong case for a Central law to regulate the implementation of reservation orders. It was a 31-member Committee headed by Shri Ratilal Kalidas Varma. The Committee, while making a case for creating a nodal Ministry to look after proper implementation of reservation orders had made these observations and I quote: "It has taken a serious view of the unfavourable attitude' of the Government for not creating a national policy of reservations for SCs and STs in the private sector and in the public sector. There is a total lack of coordination and liaisoning among the Department of Personnel and Training, the Ministry of Social Justice and Empowerment, the Ministry of Tribal Affairs and the State Governments, the Committee felt." It further observed: "The Committee was "pained" to learn that there was no Central Authority at the moment to exercise its power to ensure that the intake of SCs and STs was as per the Indian Government reservation orders. In the Committee's view, in case a doubt or dispute in regard to the implementation of reservation orders arises, instead of shifting the responsibility to one department or another, concrete and concerted efforts should be made to solve the problem." It observed that a casual approach has been adopted by the Government to abide by the Committee's earlier recommendations. "The Government does not seem to be serious towards these recommendations which is deeply disturbing and a matter of graver

concern to the Committee." The Committee further observed,"Whenever a question of implementation of reservation order arises, the concerned Ministries tried to shift their responsibilities on each others shoulders. It also recommended that the Government evolve a mandatory law for adequate representation of SCs and STs in the jobs while disinvesting any Government institution. Besides this, it should make sure that the private sector safeguards the interests of SCs and STs in jobs as was guaranteed in the Constituted."

Recently, an hon. Member had elicited information from Dr. Satya Narayan Jatiya, the hon. Minister of Social Justice and Empowerment. He wanted to know whether the Government proposes to enact legislation to provide reservation to Scheduled Castes and Scheduled Tribes in the private sector companies in the changed economic scenario. In reply to this question, the hon. Minister had stated that the Government has not taken any decision in the matter of enactment of a legislation to provide reservation to Scheduled Castes and Scheduled Tribes in the private sector companies.

Sir, before I conclude, I would like to point this out that the Reservation Policy for the Scheduled Castes and Scheduled Tribes is being totally neglected, and, therefore, it is being totally defeated. On a number of occasions, the Members of this House had put questions regarding this, and an assurance was given by the Government that the Reservation Policy would be properly implemented. I earnestly request the Government of India, particularly, the hon. Prime Minister, to bring out a comprehensive legislation which would deal with all the problems of the Scheduled Castes and Scheduled Tribes. I request that adequate representation to the Scheduled Castes and Scheduled Tribes, in line with the reservation policy of the Government of India, should be made. Thank you very much.

प्रो. रामबख्श सिंह वर्मा (उत्तर प्रदेश) : माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, दिनांक 17 फरवरी, 2003 को दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में महामहिम राष्ट्रपति जी ने जो अभिभाषण दिया और जिस पर इस माननीय सदन में धन्यवाद का प्रस्ताव डा. एल.एम. सिंघवी जी ने प्रस्तुत किया, मैं उसका समर्थन करने के लिए खड़ा हुआ हूं। मैं प्रथमतः डा. सिंघवी को उनके सारगर्भित सुन्दर भाषण के लिए धन्यवाद देना चाहूंगा।

मान्यवर, महामहिम राष्ट्रपति जी ने हरियाणा के छोटे से कस्बे में जन्मी महान वैज्ञानिक कल्पना चावला की कोलम्बिया यान की 1 फरवरी की दुर्घटना में असामयिक, आकस्मिक मृत्यु पर हार्दिक दुख व्यक्त करते हुए अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। भारत सरकार ने मैटसेट

सीरिज के उपग्रहों का नामकरण कल्पना चावला करने का निर्णय किया है। मैं सरकार के इस कदम का हार्दिक स्वागत करता हूं। सरकार ने दसवीं पंचवर्षीय योजना के प्रारूप को अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी है। इस योजना में सरकार ने रोजगार सृजन और सर्वसाधारण की भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया है। जिससे देश में बेरोजगारी कम होगी और योजनाओं का लाभ सर्वसाधारण तक पहुंच सकेगा। अत: मैं सरकार के इस कदम का भी स्वागत करता हूं। इस योजना में सकल घरेलू उत्पाद की वार्षिक वृद्धि का औसत का लक्ष्य 8 प्रतिशत रखा गया है। यह महत्वाकांक्षी लक्ष्य है। परन्तु समय की मांग है कि सरकार येन केन प्रकारेण इस लक्ष्य को प्राप्त करे और देश की जनता तथा सभी राजनैतिक दलों को अपने परस्पर के मतभेद भुलाकर एक समृद्ध और आत्मनिर्भर राष्ट्र के निर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान प्रदान करना चाहिए। उपरोक्त लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए संघ तथा राज्यो को आपस में विचार-विमर्श करने की आवश्यकता है। संघ से हमारी अपील है कि वह और अधिक उदारता से राज्यो को और अधिक आर्थिक सहयोग प्रदान करे, विशेष रूप से जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं। महोदय, मैं वर्तमान सरकार को धन्यवाद देना चाहूंगा क्योंकि सरकार ने पहली बार राष्ट्र के सामने एक महत्वाकांक्षी लक्ष्य "संकल्पना 2020" प्रस्तुत की है, जिसके द्वारा देश को निर्धन तथा विकासशील राष्ट्र के सोपान पर से गुजरकर विकसित राष्ट्रों की श्रेणी में आकर खड़ा होना है। यह कार्य इस राष्ट्र को स्वयं अपनी कूब्बत पर, अपने बल, भरोसे अपने परिश्रम, पसीने, पौरुष और पराक्रम के बल पर सम्पन्न करना है। इस राष्ट्र में एक सम्पन्न, समृद्धशाली, आत्मनिर्भर विकसित राष्ट्र बनने की सभी संभावनाएं उपलब्ध हैं। देश में प्रचुर मात्रा में जल सम्पदा है। देश में प्रचुर मात्रा मे श्रम सम्पदा है। अच्छी मात्रा मे वन सम्पदा है। केवल सामयिक संयोजन की आवश्यकता है। एक बार सामयिक संयोजन का मंत्र यदि हम सिद्ध कर ले तो दुनिया की कोई शक्ति हमे उन्नत राष्ट्र बनने से नहीं रोक सकती है। आज समय की इस महती आवश्यकता को समझते हुए इस सरकार ने "संकल्पना 2020" को सफल बनाने के लिए प्राथमिकता के आधार पर चार महत्वपूर्ण संयोजनों की व्यवस्था की है। अच्छी सड़के और परिवहन सुविधाएं, गुणवत्तायुक्त उर्जा की उपलब्धि का भौतिक संयोजन। विश्वसनीय संचार तंत्र की उपलब्धि का इलेक्ट्रानिक संयोजन। अधिक व्यवसायिक संस्थाएं व व्यवसायिक प्रशिक्षण केन्द्र, उच्च गुणवत्ता युक्त संरचना वाले विद्यालय, अध्यापन के प्रति समर्पित अध्यापक, ग्रामीण दस्तकारो के लिए उत्पादन केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र और मनोरंजन केन्द्रों की उपलब्धि द्वारा ज्ञान संबंधी संयोजन और अंतिम संयोजन जो भारत सरकार ने प्राथमिकता पर लिया है, वह है ग्रामीण जनता को भी विपणन की सुविधा उपलब्ध कराकर ग्रामीण जनता के आर्थिक उन्नयन का संयोजन। मान्यवर, इस संबंध मे विस्तृत रूप से हमारे पूर्ववक्ताओ ने भी कहा है। मैं संक्षेप मे कहना चाहूंगा कि संघ की सरकार ने, केंद्र की सरकार ने केवल अवधारणा नही पाली है, केवल कल्पना नही की है बल्कि इस दिशा में प्रयत्न भी शुरू कर दिये हैं। इसी प्रयत्न के फलस्वरूप आज पूरे देश मे पंद्रह हजार किलोमीटर लंबी, चार और छह लेन युक्त आधुनिक सड़को का निर्माण प्रारंभ हो गया है। यह 2007 तक पूर्ण हो जाना है। इससे अठारह करोड़ श्रमिक दिवसो का सृजन होगा। इसमें दस हजार पर्यवेक्षको को रोजगार मिला हुआ है। लाखों बेरोजगारों को इसमें रोजगार मिला हुआ है। इससे सीमेंट की इंडस्ट्री और स्टील की इंडस्ट्री को प्रोत्साहन मिला हुआ है। विश्वसनीय संचार तंत्र को फैलाने की दिशा मे भी इस सरकार ने महत्वपूर्ण उपलब्धि अर्जित की है। अब तक देश में केवल एक करोड़, छियासी लाख टेलीफोन कनेक्शन थे लेकिन विगत तीन वर्षों मे इस सरकार ने दो लाख, अड़सठ करोड़ और कनेक्शन उपलब्ध कराए हैं। देश में अभी तक तीन लाख पी.सी.ओ.

थे, इस सरकार ने तीन साल की अवधि में आठ लाख पी.सी.ओ. उपलब्ध कराए। जहां इस देश मे केवल चौदह लाख सेलफोन थे, वहां आज इस देश में एक करोड से भी अधिक लोगों के पास सेलफोन हैं। यही नही बल्कि इस वर्ष के अंत तक अठानवे फीसदी ग्रामो तक टेलीफोन की सुविधा इस देश के लोगो को मिल जाएगी। उपसभाध्यक्ष जी, हमारे राष्ट्र को सैकडो वर्ष तक गुलामी भोगनी पड़ी है। यह एक कटु सत्य है। हम इसलिए गुलाम नही हुए कि हम कमजोर थे या कायर थे अथवा हममें आत्मसम्मान का अभाव था। हमारे देश की युवतियों ने, जब उनकी अस्मिता के लिए खतरा पैदा हुआ, उनकी आबरू के लिए खतरा पैदा हुआ, तब धधकती हुई ज्वाला मे अपने को झोककर आत्माहुति दी। इसका यह अर्थ हुआ कि इस देश मे पौरुष की कमी नही थी। इस देश मे जीवट की कमी नहीं थी परंतु यह भी कटु सत्य है कि हम फिर भी गुलाम रहे। इसका कारण सिर्फ यह था कि हमारे देश में अच्छे अस्त्र-शस्त्रों की कमी थी। यही कारण है कि अस्सी हजार की सेना वाला राणा सांगा, जो एक महान योद्धा था, दस हजार की सेना वाले बाबर से हार गया क्योंकि बाबर की सेना तोपो से सज्जित थी। यही कारण है कि लगभग एक सौ दस वर्ष तक हम अंग्रेजो के भी गुलाम रहे। क्योंकि उनके पास अच्छे किस्म के अग्नेयास्त्र थे। हमारे पास उनके मुकाबले में अच्छे अस्त्र-शस्त्र नहीं थे। मैं इस सरकार को और विशेषकर इस सरकार के नेता माननीय प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी को - जिन्होने दुनिया की परवाह किए बिना 1998 मे पोखरण में परमाणु परीक्षण करके देश को एटमी-शक्ति से सज्जित किया - इसके लिए साधुवाद देना चाहता हूं। धन्यवाद देना चाहता हूं। यही नही बल्कि पूर्व सरकारों के समय में पृथ्वी, अग्नि, नाग, त्रिशूल आदि जो हमारे पास प्रक्षेपास्त्र हैं, इनके परीक्षण पर जो अघोषित प्रतिबंध लगा हुआ था, इस सरकार ने उस अघोषित प्रतिबंध को हटाकर पुन: परीक्षण आरंभ किए। यही नहीं, आज हमारे पास सुपरसोनिक प्रक्षेपास्त्र ब्रह्मोस भी है, जिसे रशिया की सहायता से हमारे देश ने डेवलप किया है। इससे सारी दुनिया और पड़ोसी देश को एक स्पष्ट संदेश चला गया है कि यह सरकार राष्ट्र की एकता और अखंडता के साथ कोई समझौता नही कर सकती है, न ही समझौता करने वाली है, इसके लिए चाहे हमें कितने ही प्रतिबंध झेलने पड़े। आज हर भारतवासी गर्व के साथ कह सकता है कि अब दुनिया मे रहने वाली कोई भी शक्ति हमारे देश को गुलाम बनाने की बात सपने में भी नहीं सोच सकती है। इसके लिए हमे अपने वैज्ञानिको, इंजीनियरो और इस क्षेत्र में कार्यरत कर्मचारियों पर गर्व है। वे हमारी बधाई के पात्र हैं।

मान्यवर, इस समय अयोध्या का मसला एक बार फिर जोर पकड़ रहा है। इस देश के लोग चाहते हैं कि इसका कोई शांतिपूर्ण समाधान निकाला जाए। इस सरकार ने स्पष्ट कह दिया है कि समाधान या तो परस्पर वार्ता से अथवा न्यायालय के माध्यम से निकल सकता है। सरकार की इस स्पष्ट दृष्टि के लिए मैं उसे धन्यवाद देता हूं। इस समस्या के शीघ्र समाधान के लिए, इस मामले की दैनन्दिन सुनवाई के लिए न्यायालय से जो प्रार्थना की है, न्यायालय ने उसे स्वीकार भी कर लिया, मैं इस बात के लिए भी सरकार को धन्यवाद देता हूं।

मान्यवर, वर्तमान वित्तीय वर्ष में देश को भयंकर सूखे का सामना करना पड़ा है, परन्तु संघ और राज्य सरकारो के प्रयत्न से अकाल जैसी स्थिति उत्पन्न नहीं हो पाई है। माननीय उपप्रधानमंत्री की अध्यक्षता में गठित कार्य दल ने सूखा प्रभावित क्षेत्रों को प्राथमिकता के आधार पर सहायता उपलब्ध कराने की अनुशंसा की है। राष्ट्रीय आपदा आकस्मिकता निधि के तहत अब

तक एक हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि राज्य सरकारों को दी जा चुकी है। राज्यों के आपदा राहत कोष में केन्द्र सरकार ने 1400 करोड़ रुपये से अधिक का योगदान किया है।

उपसभाध्यक्ष (श्री सुरेश पचौरी) : माननीय वर्मा जी, आपकी पार्टी से एक और वक्ता हैं। कृपया संक्षेप में बोलिए।

प्रो. रामबख्श सिंह वर्मा : जी। काम के बदले अनाज कार्यक्रम के तहत रोजगार सृजन हेतु प्रभावित राज्यों को पांच हजार करोड़ से अधिक का 50 लाख टन खाद्यान्न आवंटित किया जा चुका है। प्रभावित किसानों द्वारा लिए गए फसल ऋण का एक वर्ष का ब्याज भी स्थगित करने की सरकार ने घोषणा की है। मैं सरकार के इन प्रभावी कदमों का स्वागत करता हूं और धन्यवाद देता हूं।

मान्यवर, देश में पेट्रोलियम पदार्थों के अन्वेषण कार्य में तेजी आई है और उसके सकारात्मक परिणाम भी सामने आए हैं। राजस्थान, गुजरात और आन्ध्र प्रदेश के कृष्णा बेसिन में पेट्रोलियम पदार्थों के विपुल भंडार मिले हैं। इससे देश की विदेशों पर आत्म-निर्भरता घटेगी और बहुमूल्य विदेशी मुद्रा की भी बचत होगी। देश में ब्राजील की पद्धति पर पेट्रोल में एथेनाल की 5 प्रतिशत ब्लेंडिंग की प्रक्रिया प्रारंभ हुई है। पांच प्रतिशत तक एथेनाल पेट्रोल में ब्लेंडिंग करने की प्रोसैस पहले ही प्रारंभ हो चुकी है। भविष्य में यह ब्लेंडिंग 20 प्रतिशत से ले करके 25 प्रतिशत तक जाने की संभावना है। डीजल में भी एथेनाल की ब्लेंडिंग प्रारंभ होने वाली है। इससे भी विदेशों पर हमारी निर्भरता घटेगी तथा साथ ही जो देश के किसान हैं, जो गन्ना उत्पादक हैं उन्हें गन्ने का लाभकारी मूल्य भी प्राप्त होगा।

माननीय उपसभाध्यक्ष जी, इस सरकार के कार्यकाल के दौरान विदेशी मुद्रा भंडार में तेजी से वृद्धि हुई और अब 74 अरब डालर तक पहुंचने वाला है। मैं सरकार को इसके लिए बधाई देता हूं। महोदय, विश्व स्तर पर आई मंदी के बावजूद पिछले वर्ष भारत का स्थान तीव्र विकासशील अर्थव्यवस्थाओं में बना रहा है। इसके लिए सरकार ने जो कदम उठाए हैं उसके लिए भी मैं सरकार को धन्यवाद देता हूं। आज हमारा विदेशी व्यापार पिछले 9 महीने में 1 लाख 81 हजार 300 करोड़ तक पहुंच गया है। इसके लिए सरकार का कुशल प्रबन्धन जिम्मेदार है और इसके लिए मैं सरकार को धन्यवाद देता हूं।

मान्यवर, इस सरकार ने भारत की नदियों को जोड़ कर नेशनल वॉटर ग्रिड बनाने की योजना पर विचार और कार्य करना प्रारंभ कर दिया है जिस पर 5 लाख 60 हजार करोड़ रुपये से भी अधिक का व्यय होगा। इससे देश का सूखा और बाढ़, दोनों से इस देश के निवासियों को निजात मिलेगी। सरकार ने महत्वाकांक्षी योजना पर कार्य करना प्रारंभ किया है, उसके लिए मैं सरकार को धन्यवाद देता हूं। सरकार ने किसानों की भलाई और उनकी आर्थिक स्थिति की बेहतरी के लिए संपूर्ण फसल बीमा योजना और किसान क्रेडिट कॉर्ड योजना को कार्यान्वित किया है। किसानों को लाभकारी मूल्य देने के लिए और अन्न भंडारण की समस्या को दूर करने के लिए देश से खाद्यान्नों का निर्यात इस सरकार द्वारा प्रारम्भ कर दिया गया है, जिससे 9 हजार करोड़ रुपये से अधिक विदेशी मुद्रा का भंडार हमारे देश में उपलब्ध हुआ है।

मान्यवर, माननीय नेता प्रतिपक्ष ने अपने भाषण में आरोप लगाया है कि यह सरकार पृथकतावादी शक्तियों को बढ़ावा दे रही है। परन्तु माननीय जनरल शंकर राय चौधरी जी ने अभी अपने भाषण मे उल्लेख किया है कि एक पार्टी आईएनपीटी है। त्रिपुरा में उस पार्टी से मिल कर कांग्रेस चुनाव लड़ रही है। इस पार्टी के जो नेता हैं मि. विजय हैगरवाल जी उन्होंने विगत वर्ष जेनेवा मे भारत विरोधी भाषण दिया और कहा कि त्रिपुरा एक स्वतंत्र राष्ट्र है, जिसका पृथकतावादियो के साथ संबंध है। ऐसी पृथकतावादी शक्तियों के साथ कांग्रेस मिल कर चुनाव लड़ रही है। इसलिए सहजता से यह समझा जा सकता है कि पृथकतावादी शक्तियों को देश में कौन बढ़ावा दे रहा है, भा.ज.पा. दे रही है अथवा कांग्रेस दे रही है। माननीय कपिल सिब्बल जी ने कहा था कि इस सरकार को नाक के आगे का दिखाई नहीं दे रहा है। कांग्रेस की तो दूर-दृष्टि है। मैं पूछना चाहता हूं कि क्या इसी दूर-दृष्टि के कारण कांग्रेस ने भिंडरावाला को बढ़ावा दिया था? ...(व्यवधान)...

उपसभाध्यक्ष (श्री सुरेश पचौरी) : वर्मा जी, एक मिनट, मुझे सदन की राय लेनी है। मैं सदन का मत जानना चाहता हूँ कि राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर चर्चा जारी रखी जाए या सदन स्थगित किया जाए?

SHRI PRANAB MUKHERJEE (West Bengal): Sir, I think, we should complete the discussion on the Motion of Thanks today. I understand that the Minister of Consumer Affairs, Food and Public Distribution, has also to make a statement today. So, I would like to suggest that he can make the statement today, and we can seek clarifications, some time, later, as and when it is convenient to the Minister and to the House. But, the discussion on the Motion of Thanks should be completed today.

उपसभाध्यक्ष (श्री सुरेश पचौरी) : ठीक है, तो अभी माननीय उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री जी पैकेज में रखे मिनरल वाटर में पेस्टीसाइड्स अवशेषों की मौजूदगी के संबंध मे अपना वक्तव्य देगे, जिस पर स्पष्टीकरण कल या बाद में पूछे जा सकते हैं। वक्तव्य के बाद राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर चर्चा जारी रहेगी।

प्रो. रामबक्ष सिंह वर्मा : सर, मैं अपनी बात पहले समाप्त कर लूं।

उपसभाध्यक्ष (श्री सुरेश पचौरी) : ठीक है, वर्मा जी के भाषण के बाद वक्तव्य होगा।

प्रो. रामबक्ष सिंह वर्मा : मान्यवर, मैं यह कहना चाहता था कि क्या इसी दूरदृष्टि के कारण कांग्रेस ने भिण्डरावाला को बढ़ावा दिया फिर ब्लू स्टार आपरेशन किया जिसके कारण बाद मे हजारो बेगुनाह सिखों की हत्या कर दी गई थी? क्या इसी दूरदृष्टि के कारण पहले लिट्टे को कांग्रेस सरकार ने बढ़ावा दिया और फिर उन्हें नियंत्रित करने के लिए अपने देश की सेना को श्रीलंका भेजा गया, जिसमें हमारों नौजवान बेवजह मारे गए? क्या इन्हीं भूलों के कारण श्रीमती इंदिरा गांधी और श्री राजीव गांधी की निर्मम हत्या नहीं कर दी गई थी? क्या इसी दूरदृष्टि के कारण बोफोर्स तोप घोटाला कांड घटित नहीं हुआ, जिसमें वांछित इटैलियन क्वात्रोची को हम

आज तक अपने देश के कानून के हवाले नहीं कर पाए हैं? क्या इसी दूरदृष्टि के कारण कांग्रेस ने वर्ष 1948 में कश्मीर से अपनी सेना वापस बुला ली थी और तिहाई कश्मीर को गुलाम हो जाने दिया था? क्या इसी दूरदृष्टि के कारण कश्मीर जो है अंतर्राष्ट्रीय मुद्दा नही बन गया? क्या कांग्रेस सरकार ने यू.एन.ओ. मे इस मुद्दे को पहले ले जाकर इसका विश्वव्यापीकरण नही किया?

मान्यवर, मैं कह सकता हूँ कि हां यह इस सरकार की दूरदृष्टि है और इसी दूरदृष्टि के कारण आज हम न्यूक्लीयर पावर है। हमने दुनिया की परवाह नही की, लेकिन आज इस दिशा में हम आत्म-निर्भर हैं। आज कोई भी देश हमे गुलाम बनाने की बात सोच भी नही सकता। कारगिल में हमने शानदार विजय प्राप्त की। यही नहीं बल्कि हमने संकल्पना 2020 को स्वीकार किया है, जो इसी दूरदृष्टि का परिणाम है। ऐसी अन्य और भी उपलब्धियां हैं, जिनको मैं पहले कह चुका हूँ, जिन्हें मैं दुबारा रिपीट नहीं करना चाहता। लेकिन मैं यह कहूंगा कि बांगलादेश के लोगो की अवैध प्रवेश पर कठोरता से नियंत्रण प्राप्त करना चाहिए। जो बांगलादेशी या कोई भी विदेशी अवैध तरीके से इस देश मे रह रहा है तो उसे खदेड़कर देश के बाहर कर देना चाहिए और जब तक इस देश के बाहर न खदेड़ा जा सके तब तक उसको सारे नागरिक अधिकारो से वंचित कर देना चाहिए।

उपसभाध्यक्ष जी, आज जो इराक का मामला है, इराक में आज जो युद्ध के बादल मंडरा रहे हैं, यह कोई लोकतंत्र का मामला नही है। ऐसा नही है कि इराक में लोकतंत्र नही है। अमरीका इसलिए उसे धमका रहा है क्योंकि इसमें उसका लालचपन है। उसका लालच यह है कि वहां जो तेल वाला भाग है उस पर कब्जा करने की उसकी नीयत है। जो काम अमरीका के राष्ट्रपति जी के पिताश्री सीनियर बुश नहीं कर पाए थे उस अधूरे काम को वह पूरा करना चाहते हैं और इसलिए आज अमरीका पूरी दुनिया को संकट मे डालने का काम कर रहा है। अमरीका को दुनिया का दरोगा बनने का अधिकार नहीं दिया जा सकता। अमरीका ने हमारी सरकार से भी पूछा कि अगर इराक पर युद्ध होता है तो भारत हमे तेल भरने की सुविधा प्रदान करेगा? हमारी सरकार ने हां नही कहा है। मैं अपनी सरकार से अनुरोध करना चाहूंगा कि अगर यू.एन.ओ. की बिना अनुमति के इराक पर अमरीकी हमला होता है तो अमरीका को तेल भरने की सुविधा प्रदान न की जाए बल्कि हम तो यहां तक कहेगे कि अगर जहां तक संभव हो उस दशा मे इराक की मदद भी करनी चाहिए।

उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं अपनी अंतिम बात करने जा रहा हूँ। अभी "नाम" की जो बैठक चल रही है उसमे फिर हमारे पड़ौसी दुष्ट देश ने कश्मीर के मामले को उछाला है। हमारे प्रधानमंत्री जी ने उसका सही और मुंहतोड़ उत्तर दिया है। फिर जब दुबारा उसने बोलने का अनुरोध किया तो "नाम" आंदोलन के अध्यक्ष ने उनको फटकार दिया। मैं समझता हूँ ऐसे दुष्ट देश के लिए यही उत्तर सही था।

इन्ही शब्दो के साथ मैं माननीय राष्ट्रपति जी के अभिभाषण का समर्थन करता हूँ और इस हाऊस में सभी राजनैतिक दलो से आए माननीय सांसदो से प्रार्थना करता हूँ कि एकमत से आप अपना समर्थन इसे प्रदान करे।

उपसभाध्यक्ष जी, आपने मुझे बोलने का अवसर दिया, बहुत बहुत धन्यवाद।

उपसभाध्यक्ष (श्री सुरेश पचौरी) : अब माननीय उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री पैकेज मे रखे मिनरल वाटर मे पेस्टीसाइड्स अवशेषो की मौजूदगी के संबंध मे अपना वक्तव्य देगे।

STATEMENT BY MINISTER

PRESENCE OF PESTICIDE RESIDUES IN PACKAGED DRINKING AND MINERAL WATER

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री (श्री शरद यादव) : उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं आपका बहुत आभारी हूं कि आपने मुझे मौका दिया। मैं प्रणब जी का भी बहुत आभारी हूं। There has been much discussion in both Houses of Parliament...

प्रो. राम देव भंडारी (बिहार) : अंग्रेज़ी मे !

श्री शरद यादव : इसमे काफी टैक्निकल मामला है, इसलिए मैं माफी चाहता हूं। इसमे बहुत टैक्निकल वर्ड्स हैं, उन्हे हिन्दी मे बोलना तो ठीक नही था।

There has been much discussion in both Houses of Parliament and in the media on reports of pesticide residues found in samples of packaged drinking water and mineral water bearing the ISI mark. In this connection, with the permission of the hon'ble Chairman, I wish to make the following statement in this august house.

Two Indian Standards, one for Natural Mineral Water and another for Packaged Drinking Water, were formulated in 1998. These standards cover microbiological, physical and chemical safety of water.

In March 2001, Ministry of Health and Family Welfare enforced a gazette notification under the Prevention of Food Adulteration Rules, 1955, as per which Packaged Drinking Water and Mineral Water cannot be manufactured, sold or exhibited for sale without BIS Standard Mark, thereby making BIS Certification Mark mandatory. Ministry of Health is the enforcement authority and BIS is the certifying agency. BIS has so far granted more than 700 licences for packaged drinking water (including 1 in Nepal) and 6 licences for packaged natural mineral water (including one in France) to different manufacturers. The water manufactured in adherence to